दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2020, आश्विन कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-236 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना काल में आम आदमी कंगाल हो रहा है और खास आदमी मालामाल हो रहा है। अंबानी और आडानी की संपत्ति में बढ़ोतरी होने का मतलब साफ है कि पूंजीपती की आपदा को अवसर के रूप में बदलने के खेल के सबसे बड़े खिलाड़ी है। आम जनता तो इतनी अनाड़ी है कि वह हाथ आएं अवसर को भी आपदा के रूप में तब्दील कर लेती है। कोरोना काल यदि और लंबा चला तो कहीं ऐसा न हो कि अमीर और अमीर हो जाएं तथा गरीब और गरीब हो जाएं और मध्यमवर्गीय का नाम भी बीपीएल कार्डधारियों की सूची मे जुड़ जाएं।

'हेपेटाइटिस-सी' वायरस की खोज करने वाले वैज्ञानिकों को मिला नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम ए.। स्वीडन के स्टॉकहोम शहर में साल 2020 का मेडिसिन के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार का ऐलान कर दिया गया है। यह पुरस्कार हार्वे अल्टर, माइकल हॉगटन और चार्ल्स राइस को संयुक्त रूप से दिया गया है। इन वैज्ञानिकों ने मिलकर हेपटाइटिस सी वायरस की खोज की थी।

नोबेल पुरस्कार देने वाली संस्था ने कहा कि इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार उन तीन वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने खून से पैदा होने वाली हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक योगदान दिया है। यह बीमारी एक प्रमुख वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है जो दुनिया भर के लोगों में सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण बनती है। इन तीनों वैज्ञानिकों ने लाभदायक खोज की है। इसी के कारण हेपेटाइटिस सी की पहचान हो सकी है।

बेहद खतरनाक है हेपेटाइटिस सी

हेपेटाइटिस बीमारी का तीसरा रूप पहले वाले दोनों से बेहद खतरनाक है। यह दुनिया की तीसरी ऐसी बीमारी है जिससे हर साल एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। पहले नंबर पर एचआईवी और दूसरे नंबर पर टीबी है। इसलिए इस खोज को इतना महत्व दिया गया है।

क्या है हेपेटाइटिस, कितना है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ग्रीक शब्ज है, जो लिवर और सूजन से मिलकर बना हुआ है। यह एक वायरल संक्रमण वाली बीमारी है। शराब का अत्याधिक सेवन, वातावरण में मौजूद दूषित पदार्थ और ऑटोइम्यून रोग के कारण भी यह बीमारी होती है। 1940 में यह मालूम हो गया था कि हेपेटाइटिस मुख्य रूप से दो तरह की होती है।

पहले हेपेटाइटिस ए और बी की ही हुई थी पहचान

आज से पहले केवल हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस बी की ही पहचान हुई थी। लेकिन, रक्त जनित हेपेटाइटिस के मामले हमेशा से अस्पष्ट ही रहते थे। अब हेपेटाइटिस सी वायरस की खोज ने क्रोनिक हेपेटाइटिस के शेष मामलों के कारण का पता लगाया है। इससे ब्लड टेस्ट और नई दवाओं को बनाया जा सका है। इनकी खोज के कारण दुनियाभर में लाखों लोगों की जिंदगियां बचाई गई हैं।

एलएसी पर तनाव : पीएम मोदी जिनपिंग होंगे आमने-सामने

पहली बार 17 नवंबर को वुर्चअल बैठक में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 17 नवंबर को होने जा रहे 12वें वर्चुअल ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ब्रिक्स एनएसए की बैठक रूस में हुई थी, जिसमें भारत का प्रतिनिधि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल और चीन की तरफ से राजनयिक यांग चिएची कर रहे थे।

ब्रिक्स देशों के नेताओं के बीच बैठक का इस बार का थीम होगा- वैश्विक स्थिरता, साझा सुरक्षा और अभिनव विकास के लिए ब्रिक्स भागीदारी। बयान में कहा गया है, 2020 में रूसी ब्रिक्स की अध्यक्षता का मुख्य उद्देश्य हमारे लोगों के जीवन स्तर और जीवन स्तर को बढ़ाने में योगदान देना है।

एडवाइजर टू द प्रसिडेंट ऑफ द रशियन फेडरेशन एंटोन कोब्यकोव ने कहा- कोविड-19 महामारी के चलते मौजूदा वैश्विक परिस्थिति के बावजूद रूस की अध्यक्षता में ब्रिक्स की गतिविधियां सामान्य तरीके से चल रही हैं। जनवरी 2020 से लेकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'अटल टनल' से डरा चीन, बोला- पीएलए कर देगी बेकार

***बीजिंग (ए.)।** पीएम मोदी द्वारा पिछले हफ्ते किए गए हिमाचल प्रदेश में दुनिया की सबसे बड़ी हाईवे सुरंग 'अटल टनल' के उद्घाटन की वजह से चीन को मिर्ची लगी है। लद्दाख में महीनों से तनाव पैदा कर रहे ड्रैगन ने अपने सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के जरिए से अटल टनल पर टिप्पणी की है। चीनी विशेषज्ञ ने लेख में बताया है कि भारत को इस तरह के उकसावे से बचना चाहिए और युद्ध की स्थिति में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) टनल को बेकार बनाने में सक्षम है। हालांकि, चीन ने यह भी माना है कि भारत को सैन्य मोर्चे पर अटल टनल से मदद मिलेगी।*

चीन को जवाब देने मजबूती से तैनात है वायु सेना : भदौरिया

***नई दिल्ली (वार्ता)।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने कहा कि चीन की ओर से किसी भी हरकत का जवाब देने के लिए वायु सेना ने हर जगह पर तैनाती कर रखी है और वह दो मोर्चो पर एक साथ निपटने के लिए भी पूरी तरह तैयार है। श्री भदौरिया ने वायु सेना स्थापना दिवस आठ अक्टूबर से पहले पारंपरिक वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लद्दाख तो छोटा क्षेत्र है हमने हर जगह पर पूरी मजबूती के साथ तैनाती कर रखी है।*

भारत ने टेस्ट किया 'समुद्री ब्रह्मास्त्र'

***नई दिल्ली ए.।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और सफलता हासिल की है। डिफेंस रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (DRDO) ने बेहद खास वेपन सिस्टम का टेस्ट किया है। ओडिशा के वीलर कोस्ट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफटॉरपीडो (SMART) का सफल फ्लाइट टेस्ट हुआ। यह एक ऐसा सिस्टम है जिसमें टॉरपीडो के साथ मिसाइल भी होती है। ऐंटी-सबमरीन वारफेयर में यह तकनीक भारतीय नौसेना की ताकत को कई गुना बढ़ा सकती है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन को मिली कामयाबी की जानकारी देते हुए कहा कि ये नई ताकत हासिल होने के बाद अब* ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'काले कानूनों को रद्द करवाकर ही दम लेंगे'

खेती बचाओ यात्रा में गरजे राहुल गांधी

संगरूर (वार्ता)। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि नये कृषि कानूनों की आड़ में खरीद सिस्टम को दुरूस्त करने के बजाय इसे नष्ट किया जा रहा है जिसका बुरा असर किसानों पर ही नहीं बल्कि पूरे देश पर पड़ेगा। तीन दिन की खेती बचाओ यात्रा के दूसरे दिन श्री गांधी ने सोमवार को बरनाला चौक पर रैली को संबोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार को सत्ता पर काबिज हुये छह साल हो गये और यह सरकार गरीब, किसान और मजदूर विरोधी नीतियां बनाकर इन पर लगातार हमले कर रही है। अब नीतियां इनकी मदद के लिये नहीं बल्कि कुछ गिने चुने औद्योगिक घरानों के लिये बनायी जा रही हैं। श्री गांधी ने कहा कि कोरोना संकट में नये कानून लाने की इतनी जल्दी क्या थी।

काला धन का मामला जस की तस

उन्होंने कहा कि नोटबंदी में बैंकों में जमा पैसा पांच-छह मित्र घरानों का कर्जा माफ करने में लगा दिया तथा काला धन का मामला जस की तस रहा। जीएसटी ने छोटे दुकानदारों को खत्म कर दिया। उसके बाद कोरोना संकट में कितने किसान भूखों पैदल चले लेकिन उनकी मदद को सरकार के हाथ नहीं बढ़े। सभी मोदी सरकार को छोटे उद्योगों को बचाने की अपील करते रहे लेकिन कोई आवाज नहीं सुनी गई। अब भविष्य में नौजवानों को रोजगार के अवसर नहीं मिल सकेंगे।

जेईई के परिणाम घोषित

आईआईटी बॉम्बे जोन के चिराग ने किया टॉप

नई दिल्ली (वार्ता)। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2020 के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए जिसमें आईआईटी बॉम्बे जोन के चिराग फ्लोर ने पहला स्थान हासिल किया है जबकि लड़कियों की श्रेणी में आईआईटी रुड़की की कनिष्का मित्तल ने टॉप किया है

हालांकि कनिष्का की ऑल इंडिया रैंक में 17 वां स्थान है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली की ओर जारी जारी किए गए परिणाम के अनुसार चिराग ने 396 में से 392 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया जबकि कनिष्का ने 396 में से 315 अंक हासिल किए।

खास- खबर

खरीफ धान के लिए किसानों को 1082 करोड़ का भुगतान

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के अलग अलग राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीफ धान की खरीद जोरशोर से की जा रही है । तीन अक्टूबर तक खरीफविपणन मौसम के दौरान 5,73,339 टन धान की खरीद की गई है। इससे कुल 41,084 किसानों को लाभ मिला और उन्हें 1,082.464 करोड़ रु. का भुगतान किया गया। खरीफ विपणन मौसम 2020-21 के दौरान कपास की खरीद एक अक्तूबर से शुरू हुई।

आईपीएस विज दूसरी बार कोरोना पॉजीटिव

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरके विज एक बार फिर कोरोना पॉजीटिव की चपेट में आ गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार श्री विज रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ साईबर सेल के उद्घाटन अवसर पर साथ थे। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम के दौरान उन्हें इस बात का पता नहीं चला। बाद में स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने पर यह जानकारी मिली कि वह पुनः दूसरी बार कोरोना पॉजीटिव हो गए हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उनका चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री काजी रशीद मसूद का निधन

सहारनपुर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर लोकसभा सीट से पांच बार लोकसभा सदस्य और प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में मंत्री रहे काजी रशीद मसूद का सोमवार को सहारनपुर में उनके आवास पर निधन हो गया।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 38973.70
निफ्टी- 11503.35
गोल्ड- 50440 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 61120 (1 कि ग्रा.)

पंपोर : सीआरपीएफ टुकड़ी पर आतंकी हमला

दो जवान शहीद तीन घायल

जम्मू ए.। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर बाइपास के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की टुकड़ी पर सोमवार को आतंकियों ने हमला किया। इस हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य घायल हैं। सेना के जवानों ने हमले के बाद इलाके की घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन की शुरुआत कर दी है। पंपोर बाइपास के नजदीक आतंकवादियों ने सीआरपीएफकी रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद, जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, इस दौरान सीआरपीएफ के पांच जवान जख्मी हुए। इसमें से बाद में दो जवान शहीद हो गए। घायलों को नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

हाथरस : पीड़िता के घर पहुंचे सांसद संजय पर फेंकी स्याही

हाथरस ए.। हाथरस गैंग पीड़िता के परिवार से मिलने पहुंचे आप सांसद संजय सिंह पर एक शख्स ने स्याही फेंक दी। इसके बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उस शख्स की पिटाई कर दी। स्याही फेंकने वाले शख्स को राष्ट्र स्वाभिमान दल का नेता बताया जा रहा है। उसकी पहचान दीपक के रूप में हुई है। स्याही फेंकने वाले शख्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उधर, आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीड़िता के गांव के बाहर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए हल्का लाठीचार्ज भी किया।

संजय सिंह पर स्याही तब फेंकी गई जब वह हाथरस गैंगपीड़िता के परिवारीजनों से मिलने के बाद मीडिया

से बात कर रहे थे। संजय सिंह ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी बेटियों के लिए कब्रगाह बन चुका है। उन्होंने पीड़िता के परिवार को वाई श्रेणी सुरक्षा देने की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की। उन्होंने कहा कि हाथरस की बेटी के साथ न्याय नहीं हुआ है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के घर सीबीआई का छापा

बेंगलुरू (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने सोमवार को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार और उनके भाई सांसद डीके सुरेश के आवासों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत छापे की कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि सीबीआई की आठ टीमों ने शहर के पॉश इलाकों में स्थित डीके बंधुओं के आवासों पर एक साथ छापे मारे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के कनकपुरा स्थित आवास पर भी छापा मारा गया और वहां सघन तलाशी ली गयी। कर्नाटक सरकार ने हाल में श्री शिवकुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की अनुमति दी थी, जिसके बाद सीबीआई ने यह कार्रवाई की।

मंत्री अनिला भेंड़िया के पति रविंद्र भेंड़िया का निधन

■ सीएम भूपेश बघेल ने जताया दु:ख

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़या के पति रविंद्र भेंड़िया का निधन हो गया। रायपुर के अस्पताल में हार्ट अटैक के कारण उनकी मृत्यु हो गई। रवींद्र भेंड़या रिटायर्ड पुलिस अधिकारी थे। वे आईजी के पद से रिटायर हुए थे। सीएम भूपेश बघेल ने रविंद्र भेंड़िया के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रविंद्र भेंड़िया एक साहसी पुलिस अधिकारी थे तथा सक्रिय समाजसेवी थे। ईश्वर दु:ख की इस घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करे।

कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने स्व. रविन्द्र भेंडिया के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिवारजनों को दु:ख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। रविन्द्र भेंडिया के निधन पर कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हलफनामा | ऋण मोरेटोरियम मामले में सुनवाई 13 अक्टूबर तक टली

'ब्याज पर ब्याज' माफी पर सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से डिटेल पेश करने को कहा

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने लॉकडाउन के मद्देनजर बैंक ऋण मोरेटोरियम मामले में केंद्र की ओर से अस्पष्ट हलफनामे के मद्देनजर एक सप्ताह के भीतर नया हलफनामा दायर करने का केंद्र सरकार तथा अन्य को सोमवार को निर्देश दिया और सुनवाई 13 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा

कि 'ब्याज पर ब्याज' माफी को लेकर केंद्र द्वारा दाखिल किया गया हलफनामा संतोषजनक नहीं है। खंडपीठ ने केंद्र सरकार और आरबीआई के अलावा इंडियन बैंक एसोसिएशन तथा निजी बैंकों को नया हलफनामा दायर करके संबंधित मामले में नीतिगत निर्णय, अंतिम अवधि, इससे जुड़े सर्कुलर आदि को स्पष्ट करने को कहा है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से खंडपीठ के समक्ष यह दलील दी गयी कि केंद्र की ओर से दो अक्टूबर को दायर शपथपत्र में कई मुद्दों पर चुप्पी साधी गयी है। खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील का संज्ञान लिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव दत्ता ने कहा कि हलफनामा में दो करोड़ रुपये तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई रिपोर्ट

दो साल में दागी नेताओं के केस में हुआ इजाफा

नई दिल्ली ए.। साफसुथरी राजनीति की बात करने वाले देश में दागी नेताओं के केस में पिछले दो सालों में इजाफा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में कोर्ट सलाहकार ने अपनी रिपोर्ट पेश कर बताया कि पूर्व और मौजूदा सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों में पिछले दो सालों में इजाफा हुआ है। शीर्ष अदालत को बताया कि इसके लिए हाई कोर्ट द्वारा माइक्रो लेवल पर मॉनिटरिंग करने की जरूरत है ताकि केसों का निपटारा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पृथ्वी के नजदीक होगा मंगल ग्रह

हैदराबाद (वार्ता)। अंतरिक्ष में कल एक खगोलीय घटना के तहत मंगल ग्रह पृथ्वी के काफी नजदीक आएगा। यह खगोलीय घटना भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 47 मिनट पर होगी जिसमें मंगल ग्रह पृथ्वी से 6,20,83,116 किलोमीटर की दूरी पर आ जायेगा। प्लेनेटरी सोसाइटी ऑफ इंडिया के निदेशक एन रघुनंदन कुमार ने यूनीवार्ता को बताया कि यह खगोलीय घटना 26 महीने के बाद होने वाली 'मार्स ऑपोजिशन टू सन' नामक खगोलीय स्थिति के कारण हो रही है। इस विचित्र खगोलीय घटना के तहत मंगल और सूर्य एक दूसरे के विपरीत होंगे। पृथ्वी की दृष्टि से यह तीनों ग्रह एक सीधी रेखा पर आ जायेंगे। श्री कुमार ने बताया कि जब भी कोई ग्रह सूर्य के विपरीत आता है, तो वह पृथ्वी के काफी नजदीक आ जाता है।

जीएसटी बैठक: वित्त मंत्री सीतारमण का ऐलान

राज्यों को जारी किए जाएंगे 20 हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली (वार्ता)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने कोरोना के कारण राजस्व संग्रह में कमी आने से राज्यों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए जुलाई 2022 के बाद भी जीएसटी क्षतिपूर्ति को लागू रखने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही इस मद में चालू वित्त वर्ष में अब तक जमा 20 हजार करोड़ रुपये को आज ही रात में राज्यों को हस्तातंरित करने का भी फैसला लिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज हुयी परिषद की 42वीं बैठक में ये निर्णय लिये गये। सुबह 11 बजे से शाम सात बजे तक चली इस बैठक में कोरोना के कारण राज्यों के राजस्व में आयी कमी की भरपाई के लिए 41वीं बैठक में सुझाये गये दो विकल्पों में से एक विकल्प को 20 राज्यों को चुनने के बाद भी इस पर सहमति नहीं बन सकी और फिर से 12 अक्टूबर को परिषद बैठक होगी। श्रीमती सीतारमण ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुये कहा कि क्षतिपूर्ति अधिभार मद में चालू वित्त वर्ष में अब तक संग्रहित करीब 20 हजार करोड़ रु. सोमवार रात में ही राज्यों को हस्तातंरित कर दिया जायेगा।

बीएसआर के खिलाफ नर्सिंग एक्ट के तहत कार्रवाई, पौने 6 लाख वापस देने के आदेश

कोविड.19 के उपचार में शासन से निर्धारित राशि से ज्यादा राशि वसूलने और गाइड लाइन का उल्लंघन पाए जाने पर की गई कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएसआर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को कोविड 19 के मरीजों का इलाज कने की अनुमति देने के बाद लगातार शिकायतें मिलने पर आज अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कोविड.19 मरीजों के उपचार के दौरान या मरीजों की मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों से शासन द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि लेने और उपचार में अनियमितता बरतने की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पूरे मामले की जांच की थी।

विभागीय जांच और भौतिक सत्यापन के बाद रिपोर्ट में शासन द्वारा उपचार के लिए निर्धारित राशि से अधिक राशि लेना पाया गया। यह नर्सिंग होम एक्ट 2013 का उल्लंघन है। नर्सिंग होम एक्ट का प्रथम बार उल्लंघन करने पर अर्थदंड से दंडित और अधिक राशि की वसूली कर संबंधितों को वापस करने के आदेश जारी किए गए हैं। नर्सिंग होम एक्ट 2013 के तहत् बनाए गए अधिनियम के अनुसार प्रावधानों का उल्लंघन

करते पाए जाने पर 20 हजार रुपए जुर्माना से दंडित करने का प्रावधान है। उपचार और क्लिनिकल स्थापना अधिनियम की शर्तों को पूरा न करने पर 20 हजार रुपए से दंडित करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 40 हजार रुपए से दंडित किया गया है। निर्धारित राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में जमा करने के आदेश जारी किये गए हैं।

संबंधित किरण सुखदेव 1 लाख 15 हजार 140 रुपएए कौशल टंडन 5 हजार 6 सौ रुपएए आशा सतीश 66 हजार 8 सौ रुपएए हीरा सिंह वर्मा 21 हजार 8 सौ रुपएए सुरेन्द्र सिंह 12 हजार रुपएए टेमन सिंह बेलचंदन 21 हजार 680 रुपएए विजय राठौर 48 हजार 6 सौ रुपएए अंजू गजभिए 68 हजार 370 रुपएए अनिल कुमार तेलंग 41 हजार 8 सौ रुपएए राहुल सिंह चौहान 14 हजार रुपएए नितिन मुखरिया 29 हजार 8 सौ रुपएए दिलीप कुमार अग्रवाल 48 हजार 8 सौ रुपएए सुखबीर शेखो 2 हजार 2 सौ रुपएए प्रेमलता गुप्ता 14 हजार 40 रुपएए मनोज कुमार मित्रा 65 हजार 60 रुपए यानी कुल राशि 5 लाख 75 हजार 690 रुपए संबंधित मरीजों व परिजनों को वापस करने के आदेश भी जारी किये गए हैं। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों का उल्लंधन करते पाए जाने पर अर्थदंडए लाइसेंस निरस्त, लाइसेंस का नवनीकरण न करने, अस्पताल सीलबंद के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

10 हजार तक लोन की सुविधा

कुम्हारी। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत छोटे फुटकर व्यवसायियों को राहत देने तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 10 हजार तक का लोन देने का प्रावधान किया गया है। कोविड.19 की वजह से सब्जी, फल, ठेले वाले छोटे व्यवसायी भी प्रभावित हुए हैं। जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने राहत देने का फैसला लिया है। क्षेत्र के छोटे व्यवसायी इसका लाभ लेने के लिए परिचय पत्र, आधार कार्ड, तथा फोटो के साथ पालिका कार्यालय मे दीप्ति गुप्ता तथा सुधा वर्मा से संपर्क कर इसका लाभ ले सकते हैं।

कोरोना संक्रमण रोकने सर्वे

भिलाई.03। निगम द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण को विकराल रूप से फैलने से रोकने के लिए निगम क्षेत्रांतर्गत पूरे 40 वार्डों में निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर के निर्देश पर निगम कर्मचारीयों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीनों के सहयोग से डोर.टू.डोर सर्वे कर 50 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाले व्यक्तियों की पहचान कर सूचीबद्ध किया जाएगा। निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर ने बताया कि कि 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्यिों पर कोरोना का संक्रमण फैलने का खतरा इससे कम उम्र की व्यक्तियों की तुलना में कहीं अधिक होता है। वरिष्ठजनों को चिन्हांकित करना एवं आवश्यक उपचार देना अतिआवश्यक है।

भाजयुमो ने मंत्री डहरिया का किया पुतला दहन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के वॉड्रफनगर में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने व प्रदेश में लगातार महिलाओं के साथ बढ़ रहे अत्याचार के मामले पर प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री शिवकुमार डहरिया द्वारा इसे छोटी मोटी घटना बताए जाने के विरोध में आज जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पुराना बस स्टैंड में मंत्री डहरिया का पुतला जलाकर जोरदार विरोध प्रकट किया।

प्रदेश भाजयुमो के आव्हान पर आयोजित कार्यक्रम के तहत आज राज्य में लगातार महिलाओं पर हो रही दुष्कर्म जैसी अपराधिक घटनाओं को रोकने भूपेश बघेल सरकार के नाकाम होने व इस मुद्दे पर जवाब मांगे जाने पर इसे छोटी घटना बताकर अपना पल्ला झाड़ने के मुद्दे को लेकर जिला भाजयुमो अध्यक्ष दिनेश देवांगन के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंत्री डहरिया का पुतला लेकर भूपेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचे जहा पुलिस बल के छीना झपटी के बीच पुतला फूंककर विरोध प्रकट करते हुए हल्की सोच वाले मंत्री को मंत्रिपरिषद से बाहर करने कि मांग की। श्री देवांगन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की हाथरस में हुए एक दलित युवती कि कथित तौर पर दुष्कर्म व हत्या के मामले पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व बहन प्रियंका गांधी सहित राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ तमाम कांग्रेस पार्टी इसे बहुत बड़ी घटना बताकर जगह जगह विरोध कर रही है और विरोध करने की मानसिकता में इतना निचे गिर गया है कि एक संत योगी को रावण कहने में भी संकोच नहीं करती परंतु यहां छत्तीसगढ़ में लगातार महिलाओं पर हो रही अत्याचार के मामले पर चुप्पी साधते हुए सरकार के नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया इसे छोटी घटना बताकर बताकर राज्य के बिगड़ती कानून व्यवस्था पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है उन्होंने आगे कहा कि दुष्कर्म जैसे अपराध कि तुलना छोटी बड़ी घटना से करना कांग्रेस सरकार कि निम्न मानसिकता प्रदर्शित को करता है।

हाथरस कांड : कांग्रेस का मौन सत्याग्रह

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। उत्तर प्रदेश के हाथरस में पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने कांग्रेस संगठन ने आज दुर्ग जिला मुख्यालय में मौन रैली निकाली। महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। हाथरस कांड से आक्रोशित कांग्रेस नेताओं ने एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन करते हुए मृतका के परिवारजनों को न्याय देने की मांग की। गांधी प्रतिमा के सामने हुए प्रदर्शन के बाद दो मिनट का मौन धारण कर हाथरस की निर्भया को श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन की अगुवाई में एक दिवसीय सत्याग्रह का प्रारंभ राष्ट्रगान से किया गया। इसके बाद गांधी प्रतिमा से मौन रैली निकाली

गई जो पटेल चौक से मोती कॉम्पलेक्स होते हुए सदर बाजार से इन्दिरा गांधी प्रतिमा पर समाप्त हुई। यहां 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सत्याग्रह समाप्त किया गया।

इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष निर्मल कोसरे, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, आरएन वर्मा, कमल रुंगटा, लक्ष्मण चंद्राकर, रत्ना नारामदेव, शालिनी यादव, संजय कोहले, भोला महोबिया, ऋषभ जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, जमुना साहू, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मढरिया, नंद कुमार सेन, हीरा वर्मा, मेहतर वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गण सहित अन्य मौजूद थे।

दर्जनभर स्ट्रीट वेंडर्स का लोन स्वीकृत

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। स्ट्रीट वेंडर्स को बिना ब्याज के 10 हजार लोन देने निगम के अधिकारी ऐसे वार्डो में शिविर लगा रहें हैं जहां फुटकर व्यापारियों की संख्या अधिक है। अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर सोमवार को नेवई व स्टेशन मरोदा में हितग्राहियों को चिन्हित करने का कार्य किया गया। इस दौरान 35 लोगों को आवेदन दिया गया। उल्लेखनिय है कि अब तक 12 फुटकर व्यापारियों को कुल 1 लाख 20 हजार लोन दिए जाने प्रकरण स्वीकृत कर संबंधित बैंकों को भेजा जा चुका है। आयुक्त व नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने कार्यो की समीक्षा करते हुए डाटा बेस कार्य को पूरा करते हुए 1635 हितग्राहियों का लक्ष्य पूरा करने निर्देश दिए है। इसके बाद पहले दिन सहायक परियोजना अधिकारी ओंकार यादव के नेतृत्व में मिशन मैनेजर अरूणा धृतलहरे, सामुदायिक संगठिका ललिता साहू व पूनम कोसलेय नेवई और स्टेशन मरोदा क्षेत्र का भ्रमण किया। क्षेत्रों में रहने वाले 35 फुटकर व्यापारियों को व्यवसाय के लिए ऋण के लिए प्रोत्साहित कर फार्म वितरण किया। शासन की योजना का अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को लाभ पहुंचाने के लिए डूंडेरा, बुधवार को डूंडेरा, जोरातराई, पुरैना में शिविर लगाया जाएगा। नेवई व स्टेशन मरोदा में छुटे हुए हितग्राहियों के लिए फिर से शिविर लगाया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा स्ट्रीट वेंडर्स रिसाली निगम कार्यालय में फार्म ले सकते है।

खुर्सीपार वर्मी कंपोस्ट का महापौर ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड क्रमांक 36 खुर्सीपार क्षेत्र में संचालित तथा गोधन न्याय योजना के तहत तैयार किए जा रहे वर्मी कंपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने सत्यमेव जयते एएलएफ की महिलाओं से गोबर खरीदी के विषय में चर्चा किए और अब तक खरीदे गए गोबर की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान श्री यादव की नजर गोबर से बनाए हुए प्रतिमा एवं सजावटी वस्तु पर पड़ी और उन्होंने महिलाओं से श्री साई बाबा की मूर्ति और गाय की मूर्ति खरीदी, उन्होंने महिलाओं के द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की और

उनका हौसला अफजाई किया। निगम के जोन.4 खुर्सीपार स्थित वर्मी कंपोस्ट सेंटर महिलाओं के लिए आजीविका का केन्द्र बन रही है। यहां सत्यमेव सीएलएफ की महिलाएं गोबर से वर्मी कंपोस्ट तैयार कर रही हैए बल्कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों से क्रय की गई गोबर से लकड़ी, घरों को सजाने वाले सजावटी वस्तुएं और बच्चों के खिलौने, विभिन्न प्रतिमाएं भी बना रही है। इससे उन्हें अच्छी आमदनी भी हो रही है। खरीदे गए गोबर से सत्यमेव सीएलएफ की अध्यक्ष भारती पखाले, कोषाध्यक्ष डी मीना सहित अन्य मशीन से गोबर की लकड़ी बना रही है। घरों को सजाने वाली सिनरीए बच्चों के खिलौने सहित कई वस्तुएं गोबर से बना रही है। जो दिखने में सुंदर और आकर्षक है। खुर्सीपार के एसएसएलआर सेंटर के समीप तैयार की गई 22 टंकियों में गोबर डालकर वर्मी कंपोस्ट बनाने की का कार्य चल रहा है। जिसे केंचुआ डालकर जुट के बारदाने से ढका गया है। श्री यादव और निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन क्षेत्र में गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए वर्मी कंपोस्ट शेड तैयार किया गया है। पशुपालकों की सुविधा के लिए निगम प्रशासन ने जोन क्रमांक 4 के गोधन खरीदी केन्द्र में अलग से पंजीयन कक्ष तैयार किया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कविता देवांगन पिता/ पति जयराम देवांगन निवासी शंकर नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 442/108 रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार जसबीर सिंह पिता अजायब भुवाल से दिनांक 31.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 25.09.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उषा बाई पति मोहनलाल निवासी करहीडीह दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक भूमि मौजा ग्राम करहीडीह प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 383/4 रकबा 0.218 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.09.2020 अथवा प्रकाश तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/ दावा आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रविशंकर पाण्डेय आ. कृष्ण कुमार पाण्डेय साकिन प्रगति नगर द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 69/40 रकबा 0.012 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता प्रमोद कुमार आ. जर्नादन प्रसाद से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.10.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./750/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयंत कुमार चौधरी पिता स्व. भावसिंह चौधरी निवासी ग्राम आमटी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 88/270 रकबा 0.035 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार योगेन्द्र चौधरी आ. स्व. भावसिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202009101000085/705

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

कुरुद प.ह.न. 00050(1603/55(0.0100हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-

श्रीमती जमीला खातून, नजरी अहमद, इरशाद अहमद

अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

आवेदक श्रीमती जमीला खातून पति स्व. सिराज अहमद अन्य 02 निवासी सादिया विला मेन रोड कैलाश नगर औद्योगिक क्षेत्र भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1603/55 रकबा 0.010 हे./ 1160 वर्गफुट है जो उसके पति स्व. सिराज अहमद आ. शेख अमीर के नाम पर दर्ज है कि फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./1430/अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर जैन आ. मोहनलाल जैन अन्य 04 निवासी वर्धमान नगर खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा मौजा कसारीडीह प.ह.नं. 25 अ रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 32/4/1 शामिल (33/8, 37/95)/1, 32/4/2 शामिल (33/8, 37/95)/2, 37/93, 37/94, 37/143, रकबा 0.1040 हे., 1050 हे. 0.1010 हे 0.040 हे. 0.1020 हे. कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.4520 हे. भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में मेसर्स महावीर बिल्डकॉन 15 महावीर नगर दुर्ग पार्टनर 1. गौतमचंद जैन आ. मांगीलाल जैन, 2. किशोर कुमार जैन आ. मोहनलाल जैन, 3 श्रीमती सुशीला देवी बाघमार ध.प. मोहनलाल जैन, 4. श्रीमती पलक जैन ध.प. प्रफुल्ल कुमार जैन. 5 हर्षित जैन आ. राजेश जैन के नाम पर संयुक्त रुप से दर्ज है। आवेदक एवं अन्य पार्टनरों द्वारा आर्थिक कारणों से फर्म के माध्यम से कार्य करना संभव नही होने के कारण सभी पार्टनरों की आपसी सहमति से उक्त फर्म का विघटन किया जा चुका है। विघटन पश्चात सभी पक्षकारगण द्वारा पंजीकृत बंटवारानामा का निष्पादन दिनांक 09.07.2020 को किया गया है जिसका पुस्तक क्रमांक 01 ग्रंथ क्रमांक 34447, विलेख क्रमांक 657, पृष्ठ क्रमांक 181 से 230 तक है। पंजीकृत बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत् मय दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 12.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.09.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ABHISHEK RAI S/O VINOD KUMAR RAI निवासी 40-A/4, NEHRU NAGAR WEST BHILAI, DISTT.- DURG CG. 490020 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ABHISHEK KUMAR RAI S/O VINOD KUMAR RAI रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ABHISHEK KUMAR RAI S/O VINOD KUMAR RAI से ही जाना पहचाना जावे।

ABHISHEK KUMAR RAI
40-A/4, NEHRU NAGAR WEST BHILAI, DISTT.- DURG CG. 490020

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SUKHDEV S/O KEJAU VERMA जन्म तिथि 10.01.1967 निवासी 159 TEKAPAR BORI DURG (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SUKHDEV VERMA S/O KEJAU VERMA रख लिया हूं अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SUKHDEV VERMA S/O KEJAU VERMA से ही जाना पहचाना जावे।

SUKHDEV VERMA
159, TEKAPAR BORI DURG (C.G.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 150 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/ आवेदक श्रीती रेखा लेखवानी आत्मज / ध.प. लख्मीचंद केसवानी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटाकन/ स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ..25/4 रकबा 0.265 हें का स्थल जांच/सीमांकन/बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 148 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्री लख्मीचंद के सवानी आत्मज/ध.प गेंगुमल केसवानी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटाकन/स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ...25/62 रकबा 0.264 हें का स्थल जांच/सीमांकन/बंटाकन/त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 147 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी / आवेदक श्रीमती कंचन केसवानी ध.प श्रवण कुमार केसवानी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटाकन/ स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ...26/3 रकबा 0.279 हें का स्थल जांच/सीमांकन/बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 146 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी / आवेदक श्रीमती अनिता गोदवानी ध.प अटल कुमार गोदवानी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटाकन/ स्थल जांच/ बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ...25/64 रकबा 0.264 हें का स्थल जांच/सीमांकन/बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 145 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी / आवेदक श्री अटल कुमार आत्मज / ध.प स्व सिरूमल गोस्वामी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटाकन / स्थल जांच / बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ...25/63 रकबा 0.264 हें का स्थल जांच / सीमांकन/बंटाकन/त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 143 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी / आवेदक श्री क्षवण कुमार केसवानी आत्मज /ध.प. गेगुमल केसवानी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन / बटाकन / स्थल जांच / बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ...26/2 रकबा 0.284 हें का स्थल जांच / सीमांकन / बंटाकन / त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पद्मनाभपुर,दुर्ग स्थित ..एस.एम .भवनों के योजनान्तर्गत भवन क्रमांक एस.एम.-59, श्री टी.विश्वनाथ्न आ. स्व.एस.थानू अय्यर के नाम पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा आपसी समझौते/ आपसी करारनामा आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व श्री डॉ शरदचन्द्र अग्रवाल आ स्व.राजीव लोचन अग्रवाल निवासी एस.एम.-59 पद्मनाभपुर दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर विक्रय कर दिया गया है, वर्तमान में क्रेता आबंटी द्वारा मण्डल अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः कि सी व्यक्ति ,शासकीय,अर्द्धशाकीय बैक,वृत्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के15 दिवस के भीतर आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/अवधि समाप्त हों जाने के बाद प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 15.10.2020 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी के आदेशानुसार
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका चंदन सिंह गिल पिता/पति स्व. ओंकार निवासी दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.न 08 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 253/162 रकबा 0.017 के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 07.04.2018 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 21.10.2020 प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें है। समयवधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

हिन्द स्पोर्ट्स मैदान ईदगाह भाटा में निगम ने चलाया कब्जा मुक्त अभियान

■ बड़ी संख्या में बनी अवैध झुग्गी-झोपड़ियों में यहां चल था नशे का अवैध कारोबार

■ मैदान में रेत, गिट्टी का भी चल रहा था अवैध कारोबार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के लाखेनगर स्थित हिन्द स्पोर्ट्स मैदान ईदगाह भाटा में अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर चलाए जा रहे अवैध नशे के कारोबार पर नगर निगम प्रशासन ने कब्जा मुक्त अभियान चलाकर अवैध झुग्गी-झोपड़ियां को हटाने की कार्यवाही की। इस दौरान मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रही।

शहर के हिन्द स्पोर्ट्स मैदान ईदगाहा भाटा में पिछले कुछ महीनों से असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर यहां अवैध नशे का कारोबार चला रहे थे। इसकी जानकारी पुलिस और जिला प्रशासन को होने के बावजूद इस पर कार्यवाही नहीं की जा रही थी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के बाद नगर निगम प्रशासन ने स्पोर्ट्स मैदान से अवैध कब्जों को हटाने की सोमवार को मुहिम चलाई गई। जेसीबी के साथ निगम के अधिकारी-कर्मचारी आज पुलिस बल की मौजूदगी में स्पोर्ट्स मैदान पहुंचकर अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को हटाए जाने की कार्यवाही की। स्पोर्ट्स मैदान में एक ओर जहां अवैध झुग्गी-झोपड़ी बनाकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नशे का अवैध कारोबार कर रहे है, वहीं दूसरी ओर रेत, गिट्टी कारोबार से जुड़े कुछ कारोबारी मैदान को कब्जा कर रेत, गिट्टी भी रखवा रहे है, और यहीं से इसका कारोबार कर रहे है। आज नगर निगम के अधिकारियों ने यहां रखे गये रेत व गिट्टी आदि के मालिक का भी पता लगा रही है, ताकि उससे जुर्माना वसूलकर चेतावनी दी जा सके। जिस तरह से स्पोर्ट्स मैदान में अवैध झोपड़ियां बनाकर नशे का कारोबार और रेत, गिट्टी का व्यवसाय चल रहा था उससे ऐसा ही लग रहा है कि इसके पीछे किसी का संरक्षण है। संभावना जतायी जा रही है कि किसी बड़े नेता के संरक्षण में यहां दोनों कारोबार चल रहे थे क्योंकि किसी स्पोर्ट्स मैदान में पिछले कई महीनों से इस तरह से अवैध रूप से झोपड़ियां बनाकर नशे का कारोबार व अन्य व्यवसाय करना किसी आम आदमी का काम नहीं है, संरक्षण देने वाला जरूर कोई बड़ा नेता है। फिलहाल नगर निगम द्वारा यहां से अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही की गई।

■ न्यूज गैलरी

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, 35 पौवा देशी शराब जब्त

रायपुर। अवैध शराब के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 35 पौवा देशी शराब जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को गुलाब धीवर 29 वर्ष पिता राम खिलावन धीवर को लखौली आंरग के पास अवैध शराब बेचने की सूचना पर घेराबंदी कर उसके पास रखे थैला में 19 पौवा देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह अभनपुर में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खोरबहरा यादव पिता खेमलाल यादव को घेराबंदी कर उसके पास से 16 पौवा देशी शराब जब्त किया है। दोनों आरोपियों के पास से कुल 35 पौवा देशी शराब जब्त कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही किया गया है।

महिला का बैग झपटकर बाईक सवार फरार, मामला दर्ज

रायपुर। बाईक के पीछे बैठी महिला के कंधे में लटका बैग छीनकर मोटरसाइकिल सवार भाग गया। घटना की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। श्रीराम नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी श्रीमती अंजुनिता देवांगन 40 वर्ष पति राजू लाल देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया रविवार को शाम 6.50 को मोटरसाइकिल पर बैठकर चंगोराभाठा जा रही थी। तभी बाईक सवार एक युवक उसके कंधे में लटका बैग को झपटकर फरार हो गया। बैग के अंदर हेण्ड बैग में एक नग मोबाईल एमआई 4 जिसमें जिवो का सीम 2630464401 लगा है वोटर आईडी कार्ड ,आधार कार्ड ,युनियन बैंक का एटीएम,पोस्ट आफिस का एटीएम कार्ड पेन कार्ड एवं घर का चाबी रखा हुआ था।

एक करोड़ 15 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की पैदावार का अनुमान : कांग्रेस

रायपुर। केंद्र सरकार के द्वारा सेंट्रल पुल में 60 लाख मीट्रिक टन चावल लेने को कांग्रेस ने अपर्याप्त करार दिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ में धान बेचने पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है ऐसा अनुमान है कि इस बार छत्तीसगढ़ में एक करोड़ 15लाख मेट्रिक टन से अधिक धान की पैदावार होगी। ऐसे में मोदी सरकार के द्वारा सेंट्रल पूल में मात्र 60 लाख मैट्रिक टन चावल लेना अपर्याप्त है। मोदी सरकार सेंट्रल पुल में चावल लेने की लिमिट को किसान के हित मे बढ़ाये। श्री ठाकुर ने कहा कि सीएम भूपेश सरकार के द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने उनके उपज का सही कीमत देने की बदौलत आज छत्तीसगढ़ में धान पैदा करने वाले किसानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई।

हाथरस : कांग्रेस ने किया उप्र सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह आंदोलन

रायपुर (नव प्रदेश)। हाथरस घटना के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा की गई निंदनीय कार्यवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने आज राजधानी रायपुर में मौन सत्याग्रह आंदोलन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में कांग्रेस द्वारा आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर मौन सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर में भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी उत्तरप्रदेश सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन में कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के जिला ब्लाक पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है। रायपुर की तरह प्रदेश के अन्य जिलों में कांग्रेस द्वारा यह आंदोलन किया जा रहा है।

बदलने की राजनीति बंद करें भाजपा : त्रिवेदी

***रायपुर।** हाथरस की घटना पर लीपापोती करने छत्तीसगढ़ की घटनाओं पर टीका टिप्पणी कर रहे भाजपा के नेताओं पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा हाथरस की घटना पर लीपापोती करने के लिए झूठ का सहारा ले रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा तो पीड़ितों को न्याय दिलाने और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने की जा रही कड़ी कार्यवाही की गयी। प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी प्रियंका गांधी और कांग्रेस पार्टी देश के हर पीड़ित के साथ खड़े हैं। पीड़ितों को न्याय देने के बजाय भाजपा की सरकारें तो अपराधियों को बचाने में पूरे घटनाक्रम में लीपापोती करने में जुटी है। हाथरस में पीड़ित के परिवार के साथ योगी सरकार के द्वारा की जा रही दुर्व्यवहार भाजपा के अपराधियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति को उजागर करता है।रमन सिंह का 15 साल का महिला विरोधी कार्यकाल अभी छत्तीसगढ़ के लोग भूले नहीं है। तथ्यों को तोड़ने मरोड़ने छिपाने और बदलने की राजनीति बंद करें रमनसिंह और उनके पिछलग्गू भाजपा नेता।*

अर्णव के खिलाफ विधायक विकास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

■ प्रेस कॉन्सिल ऑफ इंडिया से रिपब्लिक टीवी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

रायपुर। उत्तर प्रदेश के हाथरस में युवती के साथ सामूहिक अनाचार की घटना को रिपब्लिक टीवी में बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने वाले टीवी पत्रकार अर्णव गोस्वामी के खिलाफ रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाईन्स थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उपाध्याय के अनुसार उक्त चैनल के पत्रकार गोस्वामी द्वारा फर्जी तरीके से आडियो प्रसारित कर कांग्रेस पार्टी को घृणित तरीके से बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने सिविल लाईन थाने में अर्णव के खिलाफ आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत प्रेस कॉन्सिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष से करने की बात चर्चा के दौरान बताई। पत्रकार गोस्वामी हाथरस प्रकरण में भाजपा के एजेंट की तरह कार्य कर रहे हैं। आरोप लगाने के साथ ही उपाध्याय ने बताया कि गोस्वामी की उक्त हरकत से स्वतंत्र पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की निष्ठा पर आंच आई है। जो किसी भी रूप में कांग्रेस पार्टी स्वीकार नहीं करेगी।

विकास उपाध्याय ने आज टीवी पत्रकार अर्णव गोस्वामी पर आरोप लगाया कि वह स्वयं के द्वारा गलत नियत से बनाई गई ऑडियो टेप को अपने न्यूज चैनल 'रिपब्लिक टीवी' में प्रसारित कर जोर जबरन कांग्रेस का नाम जोड़ कर बदनाम कर रही है।

अर्णव गोस्वामी की नियत भाजपा के एजेंट के रूप में प्रतीत होती है। देश के तमाम प्रतिष्ठित न्यूज चैनल के ठीक उलट हाथरस के मामले को अर्णव गोस्वामी ने एक बदनाम राजनैतिक रंग देने का प्रयास किया है।

मप्र, यूपी और हरियाणा में हुई अनाचार की घटना पर लता खामोश क्यों : मरकाम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पूर्व मंत्री लता उसेंडी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बनिया गांव की महिला के साथ अपहरण और बलात्कार की घटना घटने पर छत्तीसगढ़ पुलिस ने ही त्वरित कार्यवाही करके आरोपियों को गिरफ्तार किया। बलात्कार की हर घटना बेहद दुखद और आपत्तिजनक है। दरअसल लता उसेंडी उत्तर प्रदेश में हाथरस उत्तर प्रदेश के बलरामपुर और ऐसी ही अन्य महिला विरोधी घटनाओं के कारण भाजपा की केंद्र सरकार और भाजपा के विरुद्ध जनमानस में उफ़नते हुए गुस्से से ध्यान हटाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति का सहारा ले रही हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बलात्कार की घटनाओं में कमी आई। लता उसेंडी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और हरियाणा में महिलाओं की स्थिति पर क्यों खामोश हैं ?

पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना से लाखों फुटकर व्यापारी लाभांवित : उपासने

■ प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान के उपासने प्रदेश संयोजक बने

रायपुर। प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रचार प्रसार समिति का शुभारंभ वर्ष 2015 में दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष श्री पुष्पेश आर्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी की सहमति से बनाया गया था। उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पीएम वेंडर स्ट्रीट (फुटकर व्यापारी) योजना के तहत फुटकर व्यापारियों को कामकाज के लिए धनराशि उपलब्ध कराना था। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में देश भर में पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत लाखों फुटकर व्यापारी यथा रेहड़ी, पटरी पर ठेला लगाने वाले, सड़क किनारे सामान बेचने वाले, फेरी वाले, सब्जी वाले, फल दूध, पंचर दुकान, सैलून, सिलाई धोबी, पार्लर, अंडा, मछली सहित लगभग 50 प्रकार के व्यवसाय करने वालों को 184 योजनाओं का लाभ मिला। उक्त जानकारी प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार अभियान के राष्ट्रीय संस्थापक पुष्पेश आर्य द्वारा प्रदेश संयोजक नियुक्त किये जाने के अवसर पर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में सचिदानंद उपासने ने दी।

बैठक | कुपोषण की रोकथाम और कोविड-19 से बचाव के लिए मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

कुपोषण रोकने प्रदेश में लक्ष्य बनाएं अधिकारी: मंडल

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई योजनाओं की समीक्षा

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए बनाए जाने वाले आई.ई.सी. कार्य योजना की समीक्षा की। उन्होंने कुपोषण की रोकथाम और कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए विभिन्न दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री मण्डल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य में कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए 15 वर्ष की बालिकाओं सहित गर्भवती महिलाओं और दो वर्ष तक के बच्चों को लक्ष्य बनाकर कार्य करना होगा। इसके लिए उन्हें एनिमिया, मलेरिया, डायरिया जैसे गंभीर बीमारियों से बचाने के साथ ही साथ नियमित अंतराल में क्रीमी की दवा और पौष्टिक भोजन दिया जाना बेहद जरूरी है। विशेष रूप से बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग के सभी जिलों में कुपोषण मुक्ति के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से सभी विभागों को कार्य योजना बनाकर एक साथ उसका क्रियान्वयन करना होगा। उन्होंने बस्तर और सरगुजा संभाग के प्रत्येक जिले में 10-10 गांवों का चिन्हांकन करने और वहां कुपोषण मुक्ति के लिए सभी विभागों द्वारा समन्वित कार्ययोजना के निर्देश दिए हैं।

श्री मण्डल ने कोविड-19 से बचाव के लिए जन-जागरूकता लाने बनायी जा रही कार्ययोजना की समीक्षा की। इस कार्य योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। श्री मण्डल ने मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करने, आपस में दो गज की दूरी-सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने और हाथों की नियमित सफाई को पूरे राज्य में अनिवार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा है कि इन तीनों जरूरी दिशा निर्देशो का पालन करके कोविड-19 के संक्रमण से बचा जा सकता है। जब तक इस बीमारी से बचने वैक्सीन उपलब्ध नही हो जाता है तब तक यही तीनों उपाय प्रभावी है। उन्होंने कहा है कि जिन स्थानों पर लोगों का आना-जाना अधिक होता है। जैसे हाटबाजार, राशन की दुकान, अस्पताल, शासकीय कार्यालय, शराब की दुकान, पेट्रोल पम्प आदि जगहों पर मास्क और सोशल डिस्टेसिंग को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। उन्होंने समस्त नगरीय निकायों में इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए है। आगामी तीन महीनों में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों को देखते हुए इसका पालन अनिवार्य रूप से कराने कहा गया है। साथ ही समस्त विभाग प्रमुखों से कहा है कि विभागों द्वारा संचालित किए जा रहे समस्त संस्थाओं में मास्क-सोशल डिस्टेंसिंग-हेंड सेनेटाइजेशन को अनिवार्य रूप से लागू कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समय-समय पर शासकीय कार्यालयों में निरीक्षण करने और मास्क-सोशल डिस्टेंसिंग-हेंड सेनेटाइजेशन के व्यवहार का निरीक्षण करने और शासकीय कर्मियों द्वारा इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में तत्परता से करें कार्रवाई : अवस्थी

किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: पुलिस महानिदेशक अवस्थी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होंने महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की।

पुलिस महानिदेशक अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करें, ऐसे प्रकरणों में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं से संबंधित घटनाओं में विभागीय जांच में उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी ही विवेचना करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में निरीक्षक, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक के भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित अपराधों पर नियंत्रण के लिए जिलेवार मेकेनिजम बनाया जाए, ताकि घटनाओं की समीक्षा जल्द हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में कार्रवाई जरूर करें ताकि पुलिस की बेहतर छवि बन सके।

श्री अवस्थी ने कहा कि राज्य में अवैध शराब, ड्रग्स, सट्टा, हुक्काबार, गांजा से संबंधित अपराधों में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि डायल 112 और हाईवे पेट्रोलिंग के कर्मचारियों की रोटशनवार ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही ऐसे पुलिस कर्मचारी जिनके विरूद्ध शिकायत मिले, उन्हें तत्काल निलंबित कर उनके विरूद्ध विभागीय जांच कराई जाए।

संपादकीय

रेप रोकने कड़े कानून बने

उत्तर प्रदेश के हाथरस की घटना की स्याही अभी सूख भी नहीं पाई है कि उत्तर प्रदेश में ही और कई जगहों पर रेप की कई घटनाएं सामने आ गई है। उत्तर प्रदेश ही नहीं मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में रेप की घटनाएं आम बात हो गई है। अब जरूरी हो गया है कि ऐसी घटनाओं पर राजनीति करने की जगह सभी राजनीतिक दल मिलकर रेप रोकने कड़े कानून बनाने पर जोर दें। जब तक रोपिस्टों को कड़ी सजा देने का प्रावधान नहीं किया जाएगा तब तक इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती ही रहेगी। मौजूदा कानूनों को लेकर रापिस्टों में कोई भय नहीं है, हो भी कैसे अधिकांश रेप के आरोपी तो अदालतों से संदेह का लाभ पाकर बरी हो जाते है ऐसे में वे कानून से कैसे डर सकते है। रेप को लेकर राजनीतिक दल के नेता यदि इतने ही गंभीर है तो वे संसद में यह मांग क्यों नहीं उठाते कि रेपिस्टों को तत्काल कड़ी से कड़ी सजा देने का कठोर कानून बनाया जाएं। नई दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए कुछ कानूनी प्रावधान किए गए थे लेकिन वे भी अब निष्प्रभावी सिद्ध हो रहे है। निर्भया कोष की भी स्थापना की गई थी जिससे महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए ठोस उपाय किए जाने थे लेकिन इस कोष का भी दुरूपयोग किया गया, महिलाओं की सुरक्षा के लिए कहीं कोई प्रभावी पहल नहीं की गई, ऐसी स्थिति में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संशय बना ही रहता है। जब भी रेप की कोई घटना होती है तो विपक्षी दल उस घटना को लेकर अपनी राजनीति चमकाने में लग जाते है जबकि उन्हे चाहिए कि वे सरकार पर दबाव बनाए कि वह महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं। आज स्थिति यह है कि मासूम बच्चियां भी हवस के भेड़ियों का शिकार बन जाती है। आरोपी पहले तो पकड़े ही नहीं जाते और यदि पकड़े गए तो आसानी से जमानत पर छूट जाते है और बड़े वकील रख कर बरी भी हो जाते है। इन मामलों की सुनवाई की प्रक्रिया इतनी धीमी होती है कि देर से मिलने वाला न्याय भी अन्याय बन जाता है। होने तो यह चाहिए कि रेप की सभी घटनाओं की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो और उसके फैसले के बाद उसे चुनौती देने के लिए एक समय सीमा निर्धारित की जाए ताकि उसके भीतर ही हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट उसकी सुनवाई कर सके ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द कठोर से कठोर दंड दिया जा सके। जब तक ऐसे अपराधियों को उनके किए की तत्काल सजा सुनिश्चित नहीं की जाएगी तब तक उनके भीतर कानून का डर पैदा नहीं हो पाएगा।

भाजपा की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं चिराग

उपेन्द्र प्रसाद

बिहार की जो मौजूदा स्थिति है, उसे देखते हुए निर्दलीयों और छोटी छोटी पार्टियों के ज्यादा विधायक चुन कर आने की संभावना है। उन्हें आसानी से खरीदा जा सकता है। टिकट खरीद कर चुनाव जीतने वाले विधायक चाहे जिस भी पार्टी के हों, आसानी से बिकने को तैयार रहते हैं, बस खरीद बिक्री का माहौल हो और खरीदने वाले मौजूद हों। कांग्रेस को 70 सीटें महागठबंधन से मिली हैं। उनके जीते हुए कुछ विधायकों को भी भाजपा चाहे, तो खरीद ले। राजद के उम्मीदवार को भी वह खरीद सकती है। नीतीश कुमार को ऐसी स्थिति के लिए अभी से तैयार रहना चाहिए, लेकिन उन्हें अपने दल की सफलता के ऊपर कुछ ज्यादा ही भरोसा है। उनका यह आकलन तो ठीक हो सकता है कि चिराग को कोई जीतेगा नहीं, लेकिन चिराग उनके अनेक उम्मीदवारों को हरा सकते हैं। यदि इस संभावना को वे नकारते हैं, तो यह उनकी गलती है। चिराग को तो इस पूरी रणनीति से कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। हां, फायदा किसी को है, तो वह भाजपा को है।

बिहार में इतिहास दुहराया जा रहा है। 2005 में केन्द्र में यूपीए की सरकार थी। उसमें रामविलास पासवान और लालू यादव मंत्री थे। उसी साल बिहार में विधानसभा के चुनाव हुए। तब चुनाव में लालू यादव का राजद और यूपीए का नेतृत्व कर रही कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़े, लेकिन केन्द्र में यूपीए सरकार का हिस्सा होने के बावजूद रामविलास पासवान अलग होकर लड़े। अब 2020 में केन्द्र में नीतीश कुमार और रामविलास पासवान एनडीए का हिस्सा हैं। बिहार में विधानसभा का चुनाव हो रहे हैं। एनडीए का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी और नीतीश का जदयू मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और रामविलास पासवान की पार्टी अलग से चुनाव लड़ रही है। उस समय चुनाव प्रचार के दौरान और उसके पहले से ही रामविलास पासवान बिहार को जंगल राज कहते थे और लालू यादव की आलोचना में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। आज उनका बेटा चिराग पासवान भी नीतीश कुमार की आलोचना में किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

लेकिन तब और अब में एक फर्क है। उस समय कांग्रेस बिहार में लालू के राजद की एक जूनियर पार्टनर थी। उसके बहुत कम उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। तब रामविलास पासवान यह नहीं कह सकते थे कि चुनाव के बाद वे कांग्रेस की सरकार बनाने में मदद करेंगे। जाहिर है, उस चुनाव में कांगेस का दांव पर कुछ भी नहीं लगा हुआ था। लेकिन इस बार बेटे चिराग पासवान चुनाव के बाद बीजेपी सरकार के गठन का नारा देकर चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा लगभग आधी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 2005 के चुनाव में विधानसभा त्रिशंकु बनी थी। 29 विधायकों के साथ रामविलास पासवान लालू यादव या नीतीश कुमार में से किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकते थे, लेकिन उन्होंने वैसा नहीं किया। लालू यादव को कहते रहे कि यदि राजद किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाए, तो वे राजद सरकार के समर्थन में आ सकते हैं। उधर नीतीश कुमार और बीजेपी को कहते रहे कि सुशील कुमार मोदी को ही मुख्यमंत्री बना दो, हम समर्थन कर देंगे। तब बिना रामविलास पासवान के 29 विधायकों के समर्थन के बिना बिहार में कोई सरकार बन ही नहीं सकती थी। विधानसभा निलंबित रही। किसी विधायक का शपथग्रहण तक नहीं हो पाया। फिर पासवान के 29 विधायकों में

विधानसभा निलंबित रही। किसी विधायक का शपथग्रहण तक नहीं हो पाया। फिर पासवान के 29 विधायकों में 22 को नीतीश कुमार ने तोड़ लिया। उनके समर्थन से नीतीश और भाजपा की सरकार बननी ही थी कि वहां विधानसभा को भंग कर दिया गया और फिर से चुनाव कराने की घोषणा कर दी गई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाद में विधानसभा भंग करने के उस फैसले को गैरसंवैधानिक करार दिया। लेकिन फैसला आने के पहले ही विधानसभा का दुबारा चुनाव हुआ और नीतीश की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बन गई। क्या इस बार फिर वैसा ही होगा और विधानसभा त्रिशंकु हो जाएगी? विधानसभा त्रिशंकु होगी या नहीं, यह तो अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना तय है कि रामविलास पासवान की पार्टी 2005 की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। उस समय रामविलास पासवान की अपील ज्यादा थी। मुसलमानों में भी अपील थी। वे मुस्लिम मुख्यमंत्री की बात कर रहे थे। गोधरा दंगे के बाद उन्होंने अटल सरकार से इस्तीफा दिया था, इसलिए मुसलमानों में भी उनकी कुछ पहुंच थी। उसके अलावा बिहार के दुर्दांत अपराधियों और उनके परिवार के लोगों को भी उन्होंने भारी पैमाने पर टिकट दिए थे। उन दबंगों की अपनी ताकत भी थी। अगड़ी जातियों के लोगों में भी वे लोकप्रिय थे और अगड़ी जातियों के लोगों की एकमात्र पसंदीदा पार्टी तब भाजपा नहीं बन पाई थी।

22 को नीतीश कुमार ने तोड़ लिया। उनके समर्थन से नीतीश और भाजपा की सरकार बननी ही थी कि वहां विधानसभा को भंग कर दिया गया और फिर से चुनाव कराने की घोषणा कर दी गई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाद में विधानसभा भंग करने के उस फैसले को गैरसंवैधानिक करार दिया। लेकिन फैसला आने के पहले ही विधानसभा का दुबारा चुनाव हुआ और नीतीश की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बन गई।

क्या इस बार फिर वैसा ही होगा और विधानसभा त्रिशंकु हो जाएगी? विधानसभा त्रिशंकु होगी या नहीं, यह तो अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना तय है कि रामविलास पासवान की पार्टी 2005 की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। उस समय रामविलास पासवान की अपील ज्यादा थी। मुसलमानों में भी अपील थी। वे मुस्लिम मुख्यमंत्री की बात कर रहे थे। गोधरा दंगे के बाद उन्होंने अटल सरकार से इस्तीफा दिया था, इसलिए मुसलमानों में भी उनकी कुछ पहुंच थी। उसके अलावा बिहार के दुर्दांत अपराधियों और उनके परिवार के लोगों को भी उन्होंने भारी पैमाने पर टिकट दिए थे। उन दबंगों की अपनी ताकत भी थी। अगड़ी जातियों के लोगों में भी वे लोकप्रिय थे और अगड़ी जातियों के लोगों की एकमात्र पसंदीदा पार्टी तब भाजपा नहीं बन पाई थी। इन कारणों से रामविलास पासवान की पार्टी को 14 फीसदी से भी ज्यादा मत मिले थे और 29 विधायक भी जीत गए थे।

लेकिन अब उनकी पार्टी मे कोई दम नहीं है। उनका बेटा बीजेपी सरकार के लिए चुनाव लड़ रहा है। जाहिर है, मुसलमानो के वोट तो मिलेंगे नहीं। भारतीय जनता पार्टी अगड़ी जातियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है, इसलिए वे उन्हें भी अच्छी संख्या में तोड़ नहीं सकेंगे। रामविलास पासवान के पीछे उनकी जाति के लोग जिस तरह से 2005 में गोलबंद थे, उसे तरह से आज हैं नहीं। यानी चिराग पासवान अपनी पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के लिए अगल चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि उनका उद्देश्य नीतीश की पार्टी के ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवारों को हराना है। यदि वे सफल हो जाते हैं, तो बिहार विधानसभा त्रिशंकु भी हो सकती है। त्रिशंकु विधानसभा में भी चिराग की पार्टी का कोई विधायक शायद हो ही नहीं और यदि हो भी तो गिनती के। इसलिए देखने से तो लगता है कि भाजपा के लिए भी यह स्थिति खराब लगती है, लेकिन चुनाव के बाद विधायकों को खरीदने का जो नशा भाजपा का है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह ऐसी स्थिति का स्वागत करेगी, जिसमें विधानसभा त्रिशंकु हो और वह विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी हो। सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते वह मुख्यमंत्री पद पर दावा कर सकती है और पर पाकर अन्य पार्टियों में तोड़फोड़कर बहुमत का जुगाड़ भी कर सकती है।

विचार

कितनों के लिए एमएसपी

कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का तगड़ा विरोध मुख्यतः दो राज्यों- पंजाब और हरियाणा- में ही केंद्रित क्यों रहा। इसकी वजह यही थी कि इन दो राज्यों के किसानों की मंडी व्यवस्था तक अच्छी पहुंच है और उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। पिछले दिनों नए कृषि कानूनों को लेकर जिस तरह किसान सड़कों पर आ गए और जिस तरह से कांग्रेस नेतृत्व ने अपनी पार्टी की राज्य सरकारों से वैकल्पिक कानून बनाकर इन कानूनों को बेअसर करने को बोल दिया है, उसे देखते हुए हाल के कुछ कृषि आंकड़ों पर नजर डालना जरूरी है। वर्ष 2018-19 में महज 12 फीसदी धान उत्पादक किसान ही एमएसपी पर सरकारी खरीद व्यवस्था का फायदा उठा पाए थे। साल 2018-19 के जो सरकारी आंकड़े उपलब्ध हैं, उनके मुताबिक देश के कुल 8 करोड़ धान उत्पादक किसानों में से मात्र 97 लाख किसानों के धान की सरकारी खरीद ही एमएसपी पर की जा सकी। इनमें भी अलग-अलग राज्यों के किसानों की भागीदारी में जबर्दस्त अंतर दिखता है। पंजाब के 95 फीसदी और हरियाणा के 70 फीसदी किसानों को इसका फायदा मिला लेकिन बाकी राज्यों के किसान बहुत पीछे नजर आते हैं। अन्य प्रमुख धान उत्पादक राज्यों में उत्तर प्रदेश के मात्र 3.6 फीसदी, पश्चिम बंगाल के 7.3 फीसदी और बिहार के महज 1.7 फीसदी किसान ही इसका फायदा उठा सके।

ये आंकड़े बताते हैं कि एमएसपी पर फसलों की खरीद के लिए बनी मंडी व्यवस्था का देश के ज्यादातर किसानों के लिए कोई मायने नहीं है। इन आंकड़ों से इस सवाल का भी काफी हद तक जवाब मिल जाता है कि कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का तगड़ा विरोध मुख्यतः दो राज्यों- पंजाब और हरियाणा- में ही केंद्रित क्यों रहा। इसकी वजह यही थी कि इन दो राज्यों के किसानों की मंडी व्यवस्था तक अच्छी पहुंच है और उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। सवाल उठता है कि आखिर बाकी राज्यों में यह व्यवस्था कारगर क्यों नहीं हो पा रही? जवाब कई बातों पर निर्भर करता है। जैसे, पंजाब और हरियाणा में जितनी सघनता से मंडियां बनाई गई हैं और चल रही हैं, क्या अन्य राज्यों में भी उसी तरह गांवों के आसपास मंडियां उपलब्ध हैं? क्या किसानों को मंडियों तक फसलें आसानी से पहुंचाने की सुविधा प्राप्त है? क्या एक दिन में बिक्री न होने पर मंडियों के आसपास अपनी उपज सुरक्षित रखवाने के लिए गोदाम की व्यवस्था मौजूद है? जाहिर है, ये सवाल इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े हैं जो हर राज्य में समान स्तर का नहीं है। इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए निवेश की जरूरत है, जिससे सरकारें लगातार कतरा रही हैं। इसका रास्ता खेती में निजी क्षेत्र के आने से ही निकल सकता है, जिसके लिए कृषि सुधार आवश्यक हैं। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों में कृषि उपज के प्रकार, किसानों की जरूरतें, उनके हित और आशंकाएं भी अलग-अलग हैं।

बिहार चुनाव में होगी टीम नड्डा की परीक्षा

रमेश सर्राफ

पार्टी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित राष्ट्रीय महामंत्री संगठन पद पर बीएल संतोष पूर्ववत है। वहीं उनके सहयोगी राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री वी सतीश, सौदान सिंह व शिव प्रकाश भी पूर्ववत अपने पदों पर बरकार बरकरार रखे गए हैं। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष पार्टी संगठन को सक्रिय बनाने में सतत प्रयास करते रहते हैं। टीम नड्डा बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महाराष्ट्र में मंत्री रही पंकजा मुंडे को राष्ट्रीय सचिव बनाकर उनकी नाराजगी दूर की गई है। वह पिछला विधानसभा चुनाव भी हार गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार में अधिक उम्र के चलते वित्त मंत्री के पद से हटाए गए राजेश अग्रवाल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जैसे बड़े पद पर लाया गया है। उनके साथ सह कोषाध्यक्ष पद पर सांसद सुधीर गुप्ता को बनाया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा हाल ही में घोषित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इस बार बड़ा फेरबदल किया गया है। बहुत से दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। वहीं नए व युवा लोगों को पार्टी में महत्वपूर्ण पदाधिकारी बनाया गया है। नड्डा द्वारा अपनी टीम में बनाए गए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की साफ-सुथरी छवि व सक्रियता को देखते हुए लगता है कि यह टीम भाजपा को और अधिक मजबूत करेगी। भाजपा अध्यक्ष नड्डा को अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी बनाने में 8 माह का लंबा वक्त तो लगा। मगर उन्होंने जो कार्यकारिणी बनाई है उस पर कहीं से अंगुली उठने की संभावना नहीं है। वर्षों से संगठन में काबीज ओम प्रकाश माथुर, विनय सहस्त्रबुद्धे, अविनाश राय खन्ना, उमा भारती, प्रभात झा, श्याम जाजू, रेणु देवी को इस बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। यह सभी लोग पिछले कई वर्षों से पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी बनते आ रहे थे

विनय सहस्त्रबुद्धे को केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का अध्यक्ष बना दिया गया है। उमा भारती भी संगठन से अधिक समय धार्मिक यात्राओं को दे रही थी। ओम प्रकाश माथुर लंबे समय से भाजपा की केंद्रीय टीम में शामिल होते रहे थे। राजस्थान से वसुंधरा राजे सिंधिया को उपाध्यक्ष, भूपेंद्र यादव को महासचिव, अलका गुर्जर को सचिव व राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को प्रवक्ता बनाया गया है। इस कारण राजस्थान से चार पदाधिकारी होने के चलते माथुर को फिर से पदाधिकारी नहीं बनाया गया। माथुर का नाम पूर्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए भी चला था। पंजाब से आने वाले अविनाश राय खन्ना को भी नहीं लिया गया है। उनके स्थान पर पंजाब के तरुण चुग को महामंत्री बनाया गया है। तरुण चुग पूर्व में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव थे। चुग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के निकटतम लोगों में शुमार हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में देशभर में रैलियों का सफलतापूर्वक आयोजन करवा कर उन्होंने अपनी संगठन क्षमता की छाप छोड़ी थी। उसी के फलस्वरूप उनको प्रमोशन करके राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। तरुण चुग पंजाब के पहले नेता है जिन्हें राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। नड्डा ने अपनी नई टीम में महामंत्री पद से राम माधव, पी मुरलीधर राव, सरोज पांडे, अनिल जैन को हटा दिया है। राम माधव अपने बड़बोलपन के कारण संगठन से बाहर किये गये हैं। उनके बयानों से कई बार पार्टी को सफाई देनी पड़ती थी। इस कारण इस बार उनको संगठन में नहीं लिया गया है। पी मुरलीधर राव महामंत्री पद की छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं। इसलिए उनका हटना पहले से ही तय माना जा रहा था। सरोज पांडे के प्रभारी रहते महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने से पीछे रह गई थी। महाराष्ट्र चुनाव के बाद से ही सरोज पांडे का पार्टी में ग्राफगिरना शुरू हो गया था। हरियाणा के प्रभारी रहे अनिल जैन संगठन में विशेष पकड़ बनाने में नाकामयाब रहे थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के बहुत से नेताओं ने उनकी कार्यप्रणाली पर अंगुलियां उठाई थी। हरियाणा विधानसभा में आए चुनाव परिणाम को लेकर पार्टी आलाकमान उनसे सख्त नाराज था। इसी के चलते उनको महासचिव पद से हटाया गया है।

टीम नड्डा में राष्ट्रीय सचिव के पद पर सुनील देवधर व सत्या कुमार को छोड़कर बाकी सभी नो सचिवों हसन राजा, रमन डेका, सुधा यादव, आरपी सिंह, ज्योति धुर्वे, रजनीश कुमार, महेश गिरी, राहुल सिन्हा, तीरथ सिंह रावत को हटा दिया गया है। भाजपा ने नई कार्यकारिणी में महिला पदाधिकारियों की संख्या 8 से बढ़ाकर 13 कर दी है। इस बार संगठन में पांच उपाध्यक्ष, एक महासचिव, तीन सचिव व चार प्रवक्ता के पद पर महिलाओं को नियुक्त किया गया है। डॉ रमन सिंह व वसुंधरा राजे के अलावा डॉक्टर राधा मोहन सिंह, बैजयंत जय पांडा, रघुवर दास, मुकुल राय, श्रीमती रेखा वर्मा, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, श्रीमती डॉ भारती बेन सियाल, श्रीमती डीके अरूणा, एम.चौबा एओ, अब्दुल्ला कुट्टी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनमें मुकुल राय कि आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्रीमती डीके अरूणा तेलंगाना में तीन बार विधायक व मंत्री रह चुकी है। लोकसभा चुनावों से पूर्व उन्होंने कांग्रेसी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। 2019 में उन्होंने महबूबनगर से भाजपा टिकट पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था। मगर 78000 वोटों से हार गई थी। भाजपा चाहती है कि डीके अरूणा के माध्यम से पार्टी प्रदेश में प्रभाव बनाए। उपाध्यक्ष बनाए गए केरल के पूर्व सांसद अब्दुल्ला कुट्टी की नियुक्ति सबको चैंकाने वाली है। माकपा से सांसद रहने के दौरान अब्दुल्ला कुट्टी ने कई बार सार्वजनिक मंचो से खुलकर नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी। जिससे वह अपनी पार्टी में निशाने पर आ गए थे। अंततः उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लाल-लाल कर आंखें

लाल-लाल कर आंखें,कहा हनुमान जी ने आज इस जलधि को,पल में सूखा दूं मैं! पीकर समूचा जल,पथ को बना दूं और सेना को श्रीराम जी की,पार पहुंचा दूं मैं! सेना भी जरूरी नही,राम जी करें आदेश स्वयं के ही दम पर,लंका को उड़ा दूं मैं! किंतु मेरे राम जी का,रोक देता प्रण मुझे नही तो रावण मार,सीता माँ को ला दूं मैं!!

– कवि सुनिल शर्मा नील

एक जमाने में गिद्धों

एक जमाने में गिद्धों की तादाद बहुत ज्यादा हुआ करती थी, इनको मीलों दूर से ही लाशें दिख जाती थीं। फिर धीरे-धीरे इन प्राणियों ने अपना चोला बदल लिया। अब यह इंसान के रूप में भी पाए जाते हैं।। क्या आप जानते हैं, पहचान सकते हैं ?? बताईए तो जरा..?

– ओम प्रकाश जायसवाल

ख़ास पाती

दिन-रात अनवरत देती रहती



दिन-रात अनवरत देती रहती प्रकृति हमको अनमोल खजाना निःस्वार्थ लुटाती प्यार वही जिसकी वजह से चलती सांसें हमारी निरन्तर हमारी काया भी तो नहीं हमारी जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी और आकाश बनाते वजूद हमारा मिलकर एक दिन इन्हीं पंचतत्वों में हम हो जाते विलीन मरकर हमारे बिना रह सकती कुदरत पर, इसके बिना सम्भव नहीं अस्तित्व हम सबका समझते नहीं फिर भी अक्सर व्यर्थ लुटाते उसको करते रहते बर्बाद उसकी प्राकृतिक सुंदरता लगता मारी गयी हम सबकी मति कि जिस डाली पर बैठे हम काट रहे उसको ही पहुंचा रहे क्षति यह भी नहीं समझ रहे कि, जब नहीं बचेगी प्रकृति किस तरह सुरक्षित होगी हमारी आने वाली संतति। – सुश्री इंदु सिंह

शरीर का हर एक अंग तोड़

शरीर का हर एक अंग तोड डाला मां-वाप ने जिसे नाजों से था पाला धत्त कैन्डल मार्च कर आओगे ढेरों मोमबत्तियां जलाओगे कुछ वर्ष बीत जाऐगे पर उन दरीन्दों को बोलो ?? कैसे हरा पाओगे????? फिर से शीला ,सुशीला, और मनीषा का एक नया किस्सा सहलाओगे और हां फिर से सालों साल रहेगा फकत न्याय का इंतजार?? नेताजी भी सेकेगे उलट पलट कर रोटियां अपनी और खोते रहेगे माता पिता बेटियां अपनी।

– रेनूमनोज श्रीवास्तव

सदा तुम चाँद सा चमको

सदा तुम चाँद सा चमको , यही रब से दुआ मांगूँ। भुला दो तुम मुझे दिल से, खुशी तेरी सदा मांगूँ। न चाही थी कभी नफरत, जुदाई भी न चाही थी- लिखा मिलकर बिछड़ना था,भला अब और क्या मांगूँ।

– मोहिनी गुप्ता

दर्दो ग़म, आसूँ और तनहाई

दर्दो ग़म, आसूँ और तनहाई ! आज फिर उनकी याद सी आई !! सिसकियाँ खुद की सुन रहा हूँ मैं , धुँधली है आज फिर से बीनाई ! सीखिए वक़्त से सभी डरना , वक़्त सबसे बड़ा है सौदाई ! आप उम्मीद रिश्तों से कर रहे हो, साथ देती नहीं हैं परछाई ! इश्क़ आसान तो नहीं होता, हो भी सकती है इसमें रुसवाई ! अब बिझड़ने का वक़्त आया है, हर तरफ दे रहा वो दिखलाई । – मित्र ग़ाज़ियाबादी

जितना भरा हुआ तुम मुझे देखते

जितना भरा हुआ तुम मुझे देखते हो मैं उतना ही खाली हूँ नही है मेरे पास कोई ज्ञान का भंडार बस एक सच्चाई है उसपे घमण्ड है मुझे और वो भी प्योर कहाँ मिलावट कर देती है मजबूरियाँ उसमे झूठ की उन्हें सुहाता नही अब मिलावट के जमाने मे कुछ भी कोरा , उजला और साफ।

– वर्षा गुप्ता

अभिमान तब आता है जब



अभिमान तब आता है जब हमे लगता है हमने कुछ काम किया है,और सम्मान तब मिलता है जब दुनिया को लगता है, कि आप ने कुछ महत्वपूर्ण काम किया है.जो दूसरों को इज़्ज़त देता है असल में वो खुद इज़्ज़तदार होता है क्योकि इंसान दूसरो को वही दे पाता है। जो उसके पास होता है।

– तीर्थ बडोनी

उतारी है उम्मीदों पर, खरी

उतारी है उम्मीदों पर, खरी ये कोशिशें हमने भुला दी दुश्मनों की दुश्मनी सब रंजिशें हमने बढ़ाए हैं कदम पथ पे चले हैं हौंसले लेकर किया निश्चय अटल सब काट डाली बंदिशें हमने।

– निधि भार्गव मानवी

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ राज्य में दीदी बैंक का शुभारंभ सर्वप्रथम किसे जिले में हुआ था?
2) 1833 में राजा अजीत सिंह ने किस विद्रोह में वीरगति को प्राप्त हुए?
3) छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम प्रतिपक्ष नेता कौन थे?
4) पूर्व विधायक का नाम बताइए जिन्होंने रामायण को गोंडी भाषा में लिखी थी?
5) भारत के ऐसे प्रथम शोधकर्ता थे जिन्होंने अंग्रेजी शासनकाल में अंग्रेजी के बदले हिन्दी में अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत कर डी लिट् की उपाधि 1939 में अर्जित की । उन्होने तुलसी दर्शन पर विशेष कार्य किया था। शोधकर्ता का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राजनांदगाँव (2) बड़गढ़ विद्रोह, रायगढ़ (3) नंदकुमार साय (4) महादेव अयातुराम (5) डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1499 - फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर कब्जा किया। 1723 - बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे। 1762 - ब्रिटिश सैनिकों ने मनीला, फिलीपींस पर कब्जा कर लिया। 1862 - भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ। 1870 - रोम को एकीकृत इटली की राजधानी बनाया गया।1873 - आयरलैंड में काउंटी कार्लो फुटबॉल क्लब (रग्बी यूनियन) की स्थापना की गई। 1884 - संयुक्त राज्य अमेरिका नौसेना वार कॉलेज न्यूपोर्ट रोड आइलैंड में स्थापित किया गया। 1903 - ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय में पहली बार कामकाज की शुरुआत हुई। 1906 - ईरान में मजलिस का पहली बार आयोजन किया गया। 1912 - अमेरिकी सेना ने निकारागुआन शहर लेओन पर कब्जा किया। 1927 - डॉयलॉग और बैकग्राउंड संगीत से सजी पहली फीचर फिल्म 'द जैज सिंगर' रिलीज हुई। 1943 - ब्रिटिश कमांडो ने ऑपरेशन डेवन को सफलतापूर्वक पूरा किया। 1948 - अशगबत भूकंप में 110,000 लोग मरे गए। 1954 - तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना लाने की घोषणा की। 1957 - सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया। 1977 - रूसी युद्धक विमान मैक्यिान मिग-29 ने पहली उड़ान भरी। 1981 - काहिरा में सैनिक परेड के दौरान एक सैनिक समूह द्वारा मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या हुई। 1987 - फिजी एक गणराज्य घोषित हुआ। 1995 - दो स्विस वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सौर व्यवस्था के बाहर गृह की पहली बार पहचान की।

तमन्ना भाटिया कोरोना पॉजिटिव

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक तमन्ना शूटिंग के सिलसिले में हैदराबाद में थी , तभी उसमें कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखाई दिये थे। उसे हैदराबाद में ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाल ही में उसने कुछ दवाएं ली थी और विशेषज्ञों के एक समूह ने उनका उपचार किया था।

इससे पहले अगस्त में तमन्ना ने अपने अभिभावकों के कोरोना संक्रमित होने के बाद अपनी भी जांच करवायी थी , हालांकि उस दौरान उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आयी थी।

तमन्ना के कोरोना पॉजिटिव होने की रिपोर्ट के बाद उनके प्रशंसक और शुभचिंतक हतप्रभ हैं और सभी ने ट्विटर पर ÷ गेट वेल सून÷ के संदेश पोस्ट किये हैं।

तमन्ना ने हिम्मतवाला , हमशक्ल , बाहुबली: द बिगिनिंग और बाहुबली: दी कन्कलूशन जैसी फिल्में की है। उनकी आने वाली फिल्मों में तेलुगु फिल्म 'सीटीमार' और हिन्दी फिल्म 'बोले चूडियां' शामिल हैं।

आज रिलीज होगा 'मिर्जापुर-2' का ट्रेलर

नई दिल्ली। अमेजन प्राइम की पॉपुलर वेबसीरीज 'मिर्जापुर-2' के ट्रेलर का इंतजार खत्म होने वाला है। एक्टर पंकज त्रिपाठी ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया है कि मिर्जापुर-2 का ट्रेलर 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे रिलीज किया जाएगा। पंकज ने मिर्जापुर का नया पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन लिखा- 'नोट कर लें कल 1 बजे ट्रेलर का प्रबंध कर रहे हैं।' वेबसीरीज के नए पोस्टर में कालीन भइया यानी पंकज त्रिपाठी और मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा को दिखाया गया है। जबकि कालीन भइया के चश्में में गुड्डू भइया यानी अली फज़ल बंदूक ताने दिख रहे हैं। ट्रेलर के रिलीज डेट का ऐलान होने पर फैन्स बेहद उत्साहित हैं। एक्टर पंकज त्रिपाठी की पोस्ट पर फैन्स अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं।

बॉबी देओल ने बॉलीवुड में पूरे किये अपने 25 साल



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने हिंदी सिनेमा इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिये हैं।

बॉबी देओल ने बतौर अभिनेता अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म 'बरसात' से की थी। बॉलीवुड में अपने 25 साल पूरे होने पर बॉबी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷मुझे फिल्मों में 25 साल पूरे हो चुके हैं। यह जर्नी अक्टूबर 1995 से शुरू हुई थी। यह काफी जबरदस्त और भावनात्मक है। मैं गर्व से कहता हूं कि मैंने अपनी जिंदगी में काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। बॉबी देओल ने लिखा, ÷इन 25 सालों ने मुझे जो एक चीज सिखाई है, वह कभी हार ना मानना है। हमेशा उठो और आगे बढ़ो। फिल्मों में अपने सहकर्मियों के साथ एक और 25 साल का इंतजार करने के लिए आपके सभी प्यार और समर्थन के योग्य होने का वादा करता हूं।

सलमान खान की फिल्म 'राधे' की शूटिंग हुई शुरू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म 'राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई' की शूटिंग फिर शुरू कर दी गयी है। सलमान खान मार्च में लॉकडाउन की घोषणा के पहले प्रभु देवा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई' की शूटिंग कर रहे थे, जो कोरोना काल के दौरान बंद हो गयी थी। सलमान ने फिल्म की शूटिंग फिर शुरू कर दी है।

सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट की तस्वीर साझा की, जिसमें वह काली जैकेट पहने हुए कैमरे से मुंह फेरकर खड़े हैं उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा, ÷साढ़े छह महीने बाद शूटिंग पर लौट आया हूं। गौरतलब है कि फिल्म में सलमान खान के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी, जो फिल्म 'भारत' में भी उनके साथ काम कर चुकी हैं।

जावेद अख्तर के फिल्म इंडस्ट्री में हुये 56 साल

मुंबई (वार्ता)। जाने-माने शायर और गीतकार जावेद अख्तर ने बॉलीवुड में 56 साल पूरे कर लिये हैं। जावेद अख्तर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये 56 साल पूरे हो गये हैं। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री और मुंबई के प्रति आभार जताने के लिए सोशल मीडिया पर कहा, ÷मैं चार अक्टूबर 1964 को बॉम्बे आया था। इस 56 साल की लंबी यात्रा में कई टेढ़-मेढ़ मोड़ थे, कई उतार-चढ़ाव थे, पर कुल मिलाकर यह सफर मेरे पक्ष में रहा। जावेद ने कहा, मुंबई और फिल्म इंडस्ट्री का शुक्रिया अदा करता हूं। इस जीवन के लिए आभार। आप सभी की मुझ पर कृपा रही है।

इगा स्वीयाटेक ने किसी ग्रैंड स्लेम के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

नडाल क्वार्टरफाइनल में, हालेप, बर्टेंस और ज्वेरेव बाहर

पेरिस (वार्ता)। विश्व के नंबर दो खिलाड़ी और गत चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि उलटफेर भरे दिन विश्व की नंबर दो खिलाड़ी और टॉप सीड रोमानिया की सिमोना हालेप, पांचवीं सीड हॉलैंड की किकी बर्टेंस और छठी सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव चौथे दौर में हार कर बाहर हो गए। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच शनिवार को चौथे दौर में पहुंच गए थे।

पोलैंड की 19 वर्षीय इगा स्वीयाटेक ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मात्र 68 मिनट में हालेप को 6-1, 6-2 से पराजित कर बाहर का रास्ता दिखा दिया और पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। पोलैंड की खिलाड़ी ने मैच में 20 विनर्स लगाए जबकि हालेप ने 15 बेजां भूलें कीं। इगा का सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इटली की मार्टिना ट्रेविसान से मुकाबला जिन्होंने एक अन्य मैच में पांचवीं सीड हॉलैंड की किकी बर्टेंस को एक घंटे 35 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया।

13वें फ्रेंच ओपन खिताब की तलाश में लगे नडाल ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को एक घंटे 55 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हराकर रिकॉर्ड 14वीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। नडाल का इस टूर्नामेंट के राउंड 16 में 14-1 का रिकॉर्ड हो गया है। नडाल का फ्रेंच ओपन में 97-2 का रिकॉर्ड हो गया है। नडाल का क्वार्टरफाइनल में इटली के जानिक सिनर से मुकाबला होगा। पुरुष वर्ग के एक बड़े उलटफेर में इटली के जानिक सिनर ने ज्वेरेव को तीन घंटे एक मिनट में 6-3, 6-3, 4-6, 6-3 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। महिला वर्ग में तीसरी सीड यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना फ्रांस की कैरोलिना गार्सिया को मात्र 63 मिनट में 6-1, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गयीं जहां उनका मुकाबला 131वीं रैंकिंग की अर्जेंटीना की नादिया पोदोरोस्का से होगा।

फ्लिपकार्ट और पेटीएम ने किया गठबंधन

फ्लिपकार्ट पर खरीदारी के दौरान ग्राहक कर सकते हैं अपने पेटीएम वॉलेट और पेटीएम यूपीआई से भुगतान

रायपुर। भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने देश के अग्रणी डिजिटल फाइनेंशियल सर्विस प्लेटफार्म पेटीएम के साथ आज गठबंधन की घोषणा की है। इसके चलते ग्राहकों को आगामी त्योहारों से जुड़ी खरीदारी के बदले मिलेंगे कई आकर्षक ऑफर और लाभ। साथ ही फ्लिपकार्ट पर द बिग बिलियन डेज के दौरान, शॉपिंग के बदले ग्राहक अपने पेटीएम वॉलेट और पेटीएम यूपीआई से भी भुगतान कर सकते हैं। पिछले अनुभवों से भी यह स्पष्ट है कि द बिग बिलियन डेज के दौरान, भुगतान के लिए पेटीएम वॉलेट का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होगा और ग्राहक फ्लैश सेल्से तथा लिमिटेड स्टॉक्स से चूकेंगे नहीं। इसके अलावा, फ्लिपकार्ट के ग्राहकों को पेटीएम वॉलेट से भुगतान पर तत्काल कैशबैक की सुविधा भी मिलेगी।

पेटीएम के साथ भागीदारी के बारे में रंजीत बोयनपल्ली हैड फिनटैक एंड पेमेंट्स ग्रुप फ्लिपकार्ट ने कहा, पेटीएम के साथ गठबंधन ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन उपलब्ध कराने तथा सभी के लिए डिजिटल पेमेंट की सुविधा साकार करने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है। इस त्योहारी सीजन के दौरान, देशभर में लाखों पेटीएम यूजर्स फ्लिपकार्ट पर अपने वॉलेट तथा यूपीआई का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस कदम से अब ग्राहक आगामी द बिग बिलियन डेज में फ्लैश सेल्से के दौरान, इंडोर रहते हुए सुरक्षित पेमेंट विकल्पों की मदद से भुगतान कर सकेंगे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 104/2020-21
वार्ड का नाम- कामरेड सुधीर मुखर्जी-54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी 54 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ रावतपुरा फेस-2 जो कि निगम अभिलेख में श्री मोहम्मद नसीम खान s/o शेर मोहम्मद के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मंजू साहू w/o पुखराज साहू ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-97 दिनांक 3.10.20
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 43/332 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती स्व. रूकमणी श्रीवास्तव पति स्व. अवध बिहारीलाल के नाम से दर्ज है जिसको श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव/स्व. अवध बिहारी लाल श्रीवास्तव ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 105/2020-21
वार्ड का नाम- ले. अरविंद दीक्षित-56

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित 56 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 56/456/प्रियदर्शनी नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री विश्वजीत मुखर्जी s/o के.जी. मुखर्जी, श्रीमती अंजता गांगुली w/o सुजीत कुमार गांगुली के नाम से दर्ज है, जिसको श्री नितिन कुमार जैन s/o स्व. कमल कुमार जैन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 103/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ सी-101 गोल्डन स्काई जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती संजना शुक्ला w/o कुणाल शुक्ला 2. श्री कुणाल शुक्ला s/o राजन कुमार शुक्ला के नाम से दर्ज है, जिसको श्री आलोक कुमार s/o श्री जे.पी. मण्डल ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-195 कुमारी मनीषा मांझी पिता श्री जुगल किशोर मांझी को आफर/ स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 26.04.2012 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड/विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्री संतराम निर्मलकर पिता स्व. लुदूराम निर्मलकर निवासी-बी.एस.यू.पी. कालोनी सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it Known to all that the Partnership firm M/s. "MAA DEVSAR VENTURES" UG-210 CITY PLAZA INFRONT OF MARUTI BUSINESS PARK G.E. ROAD, RAIPUR (C.G) having Registration No. 222201978005 has undergone changes by which MR. NAVNEET TRIVEDI, S/o YOGENDRA TRIVEDI. Has entered the Partnership as new partners, without any objection of old partners MR. VIVEK KUMAR AGRAWAL S/O RAMCHANDRA AGRAWAL & MR. SHIV AGRAWAL S/O RAMCHANDRA AGRAWAL Hence above all partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on 06/06/2020.
VIVEK KUMAR AGRAWAL
For, M/s. "MAA DEVSAR VENTURES"
(Partner)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-96 दिनांक 3.10.20
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 61/100 जो कि निगम अभिलेख में श्री जयलाल पिता सहसराम साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री धनंजय सोनी/विष्णु प्रसाद सोनी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 102/2020-21
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर- 55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर 55 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ क्र. 22 सांई रेसीडेन्सी जो कि निगम अभिलेख में कु. सिद्धी जैन D/o नीरज जैन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती निशा हिन्दुजा w/o निरज हिन्दुजा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू रायपुर
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भू-खण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1/100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं सम संख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्नलिखित हितग्राहियों के द्वारा जिनके नाम व कालोनी का नाम एवं आवासीय भू-खण्ड क्रमांक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है को फ्री-होल्ड करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

क्रमांक	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक	कॉलोनी का नाम
1	श्री विक्रय सिंह लकड़ा	स्व. श्री जोसेफ लकड़ा	एच.आई.जी. डी.डी.-08	सड्डू
2	श्री मायाशंकर सिंह	स्व. श्री राम जनम सिंह	एल.आई.जी.-02	सड्डू
3	श्रीमती भूमिका अग्रवाल	श्री दिनेश अग्रवाल	एल.आई.जी.-547	सड्डू
4	श्रीमती सुनीता देवी यादव	श्री ग्वाला राम यादव	एल.आई.जी.-989	सड्डू
5	श्रीमती प्रियंका चौरसिया	श्री सौरभ चौरसिया	एल.आई.जी.-1416	सड्डू
6	श्री तिलकराम यादव	श्री बिहारी लाल यादव	अटल आवास-228	कुंरा धरसींवा
7	श्री रेणु कुमार यादव	स्व. श्री बेदु राम यादव	अटल आवास-56	मुनगी-1
8	श्री पुरन कुमार ताण्डी	श्री भकालू ताण्डी	अटल आवास-344	मुनगी-1

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03 सड्डू रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-98 दिनांक 3.10.20
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि 61/323 जो कि निगम अभिलेख में श्री होरीलाल पिता भुवनेश्वर प्रसाद के नाम से दर्ज है जिसको श्री अखिलेख कुमार शर्मा पिता रामसनेही शुक्ला ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-101 दिनांक 3.10.20
वार्ड का नाम वार्ड- भक्त माता कर्मा-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-67 स्थित भूमि 380 म.नं. जो कि निगम अभिलेख में श्री महेश धनगर पिता डामूराम धनगर के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती पूर्णिमा गिरी/संदीप महेश ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माम विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
92/68030	CONSTRUCTION OF WIDENING AND STRENGTHENING OF NH 30 GANGA DIAGNOSTIC TO IGNIT SCHOOL, TO CANAL ROAD (L-0.60 Km)	रु. 51.29 लाख
72/65985	B.T. Patch Work on Navagaon-Beltukri-Bhadaha Road, Navagaon-Beldarseoni-Sonbhatta Raod, Math-Tildadih-Biechiya- Asounda Road, Chandkhuri-Pacheda-Nardaha Road, Urla-Guma Raod, Atari-Jarvai Road, Chandandih-Atari Road Under Vidhan Sabha Sub Dn., Raipur (C.G)	रु. 48.00 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 19.10.2020 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-84033/4
अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(AGovt. of Chhattisgarh Undertaking) (Successor Company of CSEB)
CSPDCL
OFFICE OF THE SUPERETNEDING ENGINEER (CIRCLE)
MAHASAMUND E mail ID- SEOM.mahacamund@cseb.gov.in
Ph.No. 07723-223833, Fax No.-07723-223870
No.SE/MSD/2020-21/E-bid No. 0004/1668 mahasamund dt. 5 oct 2020

NOTICE FOR E-PROCUREMENT

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible class electrical contractors registered in the O/o CE (ST:RE)CSPDCL, Gudiyari, Raipur for the following work :

Tender No/time & date of submission of bid	Date of opening of bid	Name of work	Tender value in Rupess (Excl GST)	Eligible Contractor	Completion period
TR.No. 0009-up to 26.10.20 RFX- 8100018952	26.10.20 at 16.10	Estt. For 25 No. 363 KVA Capacitor Bank various 33/11 Kv S/s sub. Dn. Bhanwarpur of O&M Dn. Saripali of EE Project Dn. Mahasamund	2205673.00	Class II & above	45 Days
TR.No. 0010-up to 26.10.20 RFX- 8100018953	26.10.20 at 16.10	Estt. For 22 No. 363 KVA Capacitor Bank various 33/11 Kv S/s sub. Dn. Sankara of O&M Dn. Saripali of EE Project Dn. Mahasamund	1940993.00	Class II & above	45 Days
TR.No. 0011-up to 26.10.20 RFX- 8100018956	26.10.20 at 16.10	Estt. For 15 No. 363 KVA Capacitor Bank various 33/11 Kv S/s sub. Dn. Basana of O&M Dn. Saripali of EE Project Dn. Mahasamund	1323404.00	Class II & above	45 Days
TR.No. 0012-up to 26.10.20 RFX- 8100018957	26.10.20 at 16.10	Estt. For 16 No. 363 KVA Capacitor Bank various 33/11 Kv S/s sub. Dn. Saraipali of O&M Dn. Saripali of EE Project Dn. Mahasamund	1411631.00	Class II & above	45 Days
TR.No. 0013-up to 26.10.20 RFX- 8100018958	26.10.20 at 16.10	Estt. For bifurcation of 11 KV Kishanpur feeder 33/11 Kv S/S pithora under pithora (T) D/C sub dn.	559348.00	Class II & Above	45 Days

There will be training for bidders on every Wednesday from 3.00 pm to 5.00 pm at EITC, CSPDCL, Daganiya campus, In fornt of Seva bhawan.
2. Corrigendum/Cancellation/Time extension, if any will be dispayed on above website and notice Board of this office only.

"Save energy for benefit of self and Nation"

SUPERINTENDING ENGINEER
(CIRCLE) CSPDCL, MAHASAMUND

टूट गई 100 साल की परंपरा, नहीं होगा रामलीला का मंचन

■ कोरोना संक्रमण से बचने लिया गया फैसला

भाटापारा। 100 साल पूरी कर चुकी श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली इस बरस 101 साल पूरी कर रही होती अगर कोरोना वायरस ना पहुंचा होता। हर पर्व हर त्यौहार को अपनी चपेट में लेने के बाद अब कोरोना की छाया रामलीला को भी अपने घेरे में ले चुकी है। संक्रमण के खतरे के बीच इस साल समिति ने रामलीला मंचन नहीं करने का फैसला लिया है।

1919 का साल शहर के लिए इसलिए यादगार माना जा सकता है क्योंकि इस बरस शहर के वरिष्ठ नागरिकों और राम भक्तों के सहयोग से रामलीला मंचन का फैसला लिया गया। तब किसी ने यह कल्पना नहीं की थी कि यह आयोजन शैशव काल बाल्यकाल की अवस्था पूरी करते हुए 100 साल पूरे कर लेगा। अभी बीते साल ही उसने अपना शताब्दी वर्ष पूरा किया है। शताब्दी वर्ष गौरवशाली और यादगार बनाने के लिए आयोजन का स्वरूप जिस तरह बदला वह वाकई शहर वासियों के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा लेकिन 101वें वर्ष में कोरोना वायरस के फैलाव ने आगे बढ़ते कदम को रोक दिया है।

पेट्रोमैक्स से एलईडी तक

जैसे-जैसे साल बीतते गए आयोजन पहले से भव्य होता गया बल्कि तकनीकी सुविधा भी पहुंचने लगी। इससे मंचन पहले से ज्यादा प्रभावशाली और आकर्षक होने लगा। शुरुआत के सालों में तब मंचन पेट्रोमैक्स की रोशनी में होता था। जब बिजली आई तब बल्ब और उसके बाद ट्यूबलाइट की रोशनी में आयोजन किया जाने लगा। समय के बदलते दौर में हर काम में तकनीकी मदद मिलने से मंचन पहले से और ज्यादा प्रभावशाली होने लगा। अभी बीते बरस ही शताब्दी वर्ष पूरा करने के मौके को यादगार बनाने के लिए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आयोजन स्थल के बाहर से भी इसे देखा गया। उन भक्तों के लिए वह सुखद पल था जो घर पर ही बैठ कर रामलीला को देख सके क्योंकि आयोजन समिति ने लाइव टेलीकास्ट की सुविधा पहली बार हर घर तक पहुंचाई।

सबका साथ -सबका विश्वास

स्वर्गीय मीठालाल श्री किशन जी मल। यह दो ऐसे नाम है जिन्हें भुला पाना असंभव है। यह दोनों ना केवल नियंत्रण ही नहीं बल्कि आयोजन की गरिमा का पूरा ध्यान रखते थे। भक्ति भाव की मिसाल कही जा सकती है कि यह दोनों ही हर बरस श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की नई पोशाक बनवाया करते थे। समय-समय पर मिलने वाली आर्थिक सहायता भी आयोजन को भव्य बनाती गई। आज भी यह काम सभी का साथ, सभी का विश्वास के साथ चल रहा है। इस समिति के सदस्य संजय जोशी जो अपने बीते दिनों में इस रामलीला में राम के पात्र की यादगार भूमिका निभाते रहे उन्होंने शताब्दी वर्ष पर 5 लाख 85 हजार रुपए सहयोग देकर आयोजन को यादगार बना दिया। क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा का भी सहयोग मिलता रहा है। शहर भी हमेशा बढ़-चढ़कर सहयोग देता हैं।

ये नींव के पत्थर

1919 में तब शहर की आबादी बमुश्किल से 20 हजार के लगभग रही होगी तब स्व. स्वरूप नारायण जोशी, स्व. जगन्नाथ जोशी, स्व. चुन्नीलाल गांधी, स्व. शिव प्रसाद अग्रवाल, स्व. गप्पू लाल केशरवानी, स्व. छोटे लाल गुप्ता, स्व. भगवान दास वैष्णव, स्व. लटूरिया महाराज, स्व. महादेव त्रिवेदी, स्व. कन्हैयालाल टोडर, स्व. मीठालाल और स्व. श्री किशन जी मल आदि नींव के ऐसे पत्थर बने जिनकी मजबूती और मेहनत से इस आयोजन नेअपने 100 साल पूरे किए। इन सभी के जाने के बाद आज चौथी पीढ़ी इनकी दी गई जिम्मेदारियों को न केवल निभा रही हैं बल्कि आयोजन को और भी ज्यादा भव्य रूप देने में लगी हुई है।

उजला अतीत ,उज्जवल वर्तमान

जिन लोगों ने जिस सोच के साथ रामलीला के मंचन की शुरुआत की थी वह काम आज उजला अतीत के रूप में शहर के सामने है। अब कमान संभाल रही चौथी पीढ़ी उज्जवल वर्तमान का प्रतीक बन रही है और ऐसे नौनिहालों को आगे बढ़ा रही है जिनमें अतीत की इस विरासत को बरकरार रखने की भरपूर क्षमता है। यह नौनिहाल ही आगे चलकर इसे और भी भव्य और समृद्ध बना पाएंगे।

लगी नजर कोरोना की

नगर के बड़े आयोजनों में श्री अखंड राम नाम सप्ताह के बाद आदर्श रामलीला मंडली का आयोजन जाना पहचाना आयोजन है।कोरोना वायरस के संक्रमण के दौर में इस भव्य आयोजन पर भी नजर लग चुकी है। नौनिहालों से लेकर बड़ी उम्र तक के लोगों के जुड़ाव की वजह से इस बार समिति ने आयोजन नहीं करने का फैसला लिया है। वर्तमान में समिति की जिम्मेदारी संभाल रहे मुरारी शर्मा कहते हैं कि यह फैसला लिया जाना बेहद पीड़ा पहुंचाने वाला था लेकिन बच्चों से लेकर दर्शकों और भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए यह फैसला लेना पड़ा।

विधायक ने धान खरीदी 1 नवम्बर से करने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भाटापारा। विधायक एवम् नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को पत्र लिख कर धान खरीदी 1 नवम्बर से प्रारंभ करने एवं प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदी की मांग की है।

विधायक शिवरतन शर्मा ने राज्य सरकार से कहा कि केंद्र की हमारी नरेंद मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ से 60 लाख मेट्रिक टन चावल खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है,,60 लाख मेट्रिक टन चावल के लिए 90 लाख मेट्रिक टन धान की आवश्यकता होगी,,शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष राज्य शासन ने 83 लाख मेट्रिक टन धान खरीदा था,पिछले वर्ष की तुलना में केंद्र सरकार चावल ज्यादा मात्रा में राज्य सरकार से खरीद रही है,इसलिए राज्य सरकार को किसानों से 15 क्विंटल प्रति एकड़ में खरीदने के स्थान पर 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदना चाहिए। विधायक शर्मा ने कहा है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य निर्धारित समय पर सम्पन्न हुआ है किसानों के हरुणा एवं अर्धना (अरली एवम मीडियम) धान की फसल अक्टूबर माह में पूरी तरह से कट जाएगी,,ज्यादातर किसान अपने धान की कटाई हार्वेस्टर से कराते है,, जिस कारण खलिहान में अपने फसल को रखने की आवश्यकता नही होती,,,राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान ख़रीदी पिछले वर्ष 01 दिसम्बर से की गई थी जिस कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था..इस बार किसानों के हितों को ध्यान में रख कर राज्य सरकार धान खरीदी 01 दिसम्बर के स्थान पर 01 नवम्बर से एवं प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदा जाये।

सतनामी एवं सतनाम धर्म विकास परिषद की बैठक संपन्न

भाटापारा। सतनामी एवं सतनाम धर्म विकास परिषद की बैठक संपन्न हुई ,बैठक में विभिन्न सामाजिक मुददे सतनाम धर्म एवं संस्कृत परिषद का विस्तार जिला एवं ब्लाक मुख्यालय में नियमित बैठक ग्रामीण स्तर पर सदस्यता अभियान एवं उपस्थित पदाधिकारियों की नियुक्ति पत्र देने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सभी संत जनों द्वारा गुरु घासीदास जी के संदेश एवं सतनामी समाज के संस्कृति रिती रिवाज को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया ।साथ ही सतनामी एवं सतनाम धर्म विकास परिषद के उद्धेश्यों पर चर्चा किया गया। यह संगठन रजिस्टर्ड सामाजिक संगठन है जिसका पहचान सतनाम विचार क्रांति के वास्तविक प्रचारक के नाम से होता है। सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय जागरूकता लाना गुरु घासीदास जी के बतलाए सत मार्ग में चलने हेतु लोगों को प्रेरित करना सामाजिक एकता की भावना जागृत कर समाज एवं राष्ट्र विकास के प्रति जागरूक करना आदि अनेक उद्धेश्य है। जिससे सामाजिक विकास एवं मानवता का विकास हो ।समाज के।संस्थापक एवं संरक्षक विष्णु बंजारे एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तम बंजारे के निर्देशा अनुसार।जिला सँयोजक रामेश्वर मनहरे जिला अध्यक्ष दिलीप नवरत्न जिला उपाध्यक्ष रूपसिंह कोशले,महेश्वर महिलांगे, सागर ढिढि जिला सचिव माखन महिलांगे सहसचिव विनोद गायकवाई मीडिया प्रभारी शत्रुघ्न सोनवानी कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कोशले जिला कार्यकारिणी सदस्य पंडित कुँवर दास डहरिया दिलीप शास्त्री कलम कोशले आदि की उपस्थिति में राज महंत प्रमोद गायकवाई जिला संरक्षक द्वारा भाटापारा ब्लाक का गठन किया गया।नरेंद्र टंडन को ब्लॉक अध्यक्ष भाटापारा बनाया गया ब्लाक उपाध्यक्ष संत धनु कुर्रे उपाध्यक्ष कृष्णा बंजारे कोषाध्यक्ष रेखराज बंजारे सहसचिव विजय बंजारे,कार्यकरणीय सदस्य शिवकुमार गोयल सलाहकार सदस्य भगवानदास महिलांगे ब्लॉक मीडिया प्रभारी यशवंत गर्ग को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर कार्यभार सौंपा गया।

मुम्बई-हावडा-मुम्बई एवं हावडा-अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रैन अब रोजाना चलेगी

भाटापारा। रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा 01 जून से चल रही 02810/02809 हावडा-मुम्बई-हावडा स्पेशल ट्रेन एवं 02834/02833 हावडा-अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रेन का परिचालन सप्ताह में तीन दिन की जगह अब सप्ताह में प्रतिदिन चलेगी । 02810 हावडा-मुम्बई स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 अक्टूबर, 2020 से प्रतिदिन हावडा से चलेगी। इसी प्रकार 02809 मुम्बई-हावडा स्पेशल ट्रेन दिनांक 08 अक्टूबर, 2020 से प्रतिदिन मुम्बई से चलेगी । 02834 हावडा-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 से सप्ताह में प्रतिदिन हावडा से चलेगी एवं इसी प्रकार 02833 अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 अक्टूबर से सप्ताह में प्रतिदिन अहमदाबाद से चलेगी । इन दोनों गाड़ियो का टाटानगर एवं चक्रधरपुर रेल्वे स्टेशनो में ठहराव दिया जा रहा है ।

समयमान वेतनमान की मांग

भाटापारा। तृतीय समयमान वेतन के आदेश पर आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि सहायक शिक्षक तथा व्याख्याताओं के समय मान वेतनमान में विसंगति है। विसंगतियों को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उक्त निर्देश के अनुसार यदि सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष के सेवा के उपरांत तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाता है तो वर्तमान में जितना वेतन प्राप्त कर रहे हैं उससे भी कम हो जाएगा तथा व्याख्याता को दे वेतनमान से एक स्टेप कम का वेतनमान दिया जा रहा है जिसके कारण लगभग 30 हजार सहायक शिक्षक एवं व्याख्याता को आर्थिक हानि हो रही है। सहायक शिक्षक का पदोन्नत क्रमशः उच्च वर्ग शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य एवं व्याख्याता का पदोन्नत क्रमशः प्राचार्य, उप संचालक ,संयुक्त संचालक में होता है इसी क्रम में समय मान वेतनमान दिया जाना चाहिए। जिस के संबंध में शासन प्रशासन को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा अनेकों बार ध्यानाकर्षण कराया गया लेकिन आज तक निराकरण नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के बलौदा बाजार जिला के अध्यक्ष प्रकाश कुमार तिवारी, सचिव चंद्रशेखर तिवारी ,योगेंद्र सिंह पड़वार, ओम प्रकाश वैष्णव, टीका राम साहू ,मंतराम वर्मा, खोड़सराम कश्यप, मनहरण साहू बीआर चंद्राकर ने समस्या के हल की मांग की है।

कपड़ा दुकान में चोरी, तीनों आरोपीयों को पुलिस ने किया 24 घंटे में गिरफ्तार

बेमेतरा-साजा। 2 अक्टुबर को प्रार्थी राजेश साहू उम्र 38 साल ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा स्वयं का राजेश रेडिमेंट के नाम से सदर बाजार दाढी में कपडा दुकान है, मैं दिनांक 1 अक्टुबर के शाम 5 बजे अपने कपडा दुकान का सटर को बंद कर ताला लगा दिया था। मेरे कपडा दुकान के गल्ला में एक सप्ताह का कपडा बिक्री का रकम कुल जुमला 2.35 लाख रूपये रखा था। दिनांक 2 अक्टुबर के करीबन सुबह 5:30 बजे मुझे बतायी कि कपडा दुकान का सटर आधा उठा हुआ है, ताला बगल में टूटा पडा हुआ है, तब मैं तुरंत अपने घर के अंदर वाले दरवाजा

से दुकान के अंदर जाकर देखा तो मेरे कपडा दुकान में रकम रखने का दराज गल्ला का लाक टूट कर खुला था। दराज में रखे रकम 2.35 लाख रूपये नहीं था। दुकान के शटर का एक ताला टूटा पडा था, शटर आधा उठा हुआ था। अपने दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरा को चेक किया तो कोई अज्ञात चोर दिनांक 2 अक्टुबर के रात्रि करीबन 1:15 बजे कपडा दुकान के शटर में लगे ताला को तोड कर शटर को उठा कर अंदर प्रवेश कर दुकान के रकम रखने का दराज गल्ला को मेरे दुकान में रखे पेंचिस (पलास) से तोड कर दराज गल्ला में रखे नगदी रकम 2,35000/- (दो लाख पैतीस हजार) रूपये को चोरी कर ले गया है, की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 134/2020 धारा 457, 380, 201, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दाढी उप. निरीक्षक आनंद कोमरा के साथ अपराध विवेचना हेतु विशेष टीम गठित कर माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया।

भाजपा ने फूंका सीएम भूपेश बघेल का पुतला

खरोरा। नगर के भाजपा परिवार द्वारा आज नगर खरोरा में छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला बना के मुरदाबाद के नारे लगाते हुए तिगड्डा चौक पहुचे जहा पर भाजपा कार्यकर्तो ने जमकर नारेबाजी की ,भूपेश बघेल, और शिव डहरिया के खिलाफ नारेबाजी की जैसे ही भाजपाई पुतला जलाने के लिए खड़ा करने लगे भारी मात्रा में तैनात पुलिस के जवानों ने पुतला छीन लिया उस पर पानी डाल दिया पर वही भाजपाइयों ने चालाकी करते हुए चौक से हट के दूसरी ओर बालोद बाजार रोड के ऊपर पुतला फूंक दिया पोलिस के जवान उस ओर भी दौड़े तब तक पुतला भाजपाइयों द्वारा जला दिया गया , वरिष्ठ भाजपा के निलाम्बुज चंद्राकर ने कहा मोदी पूरे देश के प्रधानमंत्री है कांग्रेशियो द्वारा उन्हें भगवा वस्त्र में लपेट कर जलाना अशोभनीय एवम शर्मनाक हरकत है।

इस गांव में न कोई शराब बेचेगा और ना ही पिएगा

महासमुंद। महासमुंद के पिथौरा विकासखंड के बुंदेली में अब कोई ना शराब बनाएगा और ना ही पियेगा. इस ग्राम में अब पूर्ण शराबबंदी होगी. यह निर्णय ग्रामीणों और पुलिस की संयुक्त बैठक में लिया गया. गौरव ग्राम पंचायत बुंदेली के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और चौकी प्रभारी बुंदेली विकास शर्मा के बीच अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी बैठक आहूत की गई. जिसमें युवा वर्ग, महिला, पुरुष एकजुट हुए. बैठक के प्रारम्भ में चौकी प्रभारी विकास शर्मा ने 'हमर पुलिस हमर संग' के तहत अपनी बात रखते हुए कहा कि बुन्देली पूरी तरह से गांव वालों के सहयोग से शराब बंद करने के लिए सहमत हैं।

इसके लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर चौकी प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ ने गांव को शराबमुक्त करने शपथ ली. चौकी प्रभारी ने कहा कि पुलिस में स्टाफ की कमी के कारण वर्तमान में किसी भी कार्रवाई हेतु विलम्ब हो रहा है. चौकी प्रभारी ने बताया कि इसके लिए गांव के युवाओं को भी मेरे द्वारा चौकी में ट्रेनिंग दी जाएगी और जो युवा पुलिस की तैयारी कर रहे हैं उन्हें भी चौकी में ट्रेनिंग दी जाएगी. चौकी प्रभारी विकास शर्मा की पहल पर उपसरपंच पूनम मानिकपुरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए श्री शर्मा ने विशेष बैठक कर गांव को एकजुट करने का प्रयास सराहनीय है.

गाँधी जयंती पर स्वच्छता अभियान

खरोरा। शासकीय नवीन महाविद्यालय, खरोरा के रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों ने गाँधी-शास्त्री जयंती पर नलकूपों, मुहल्लों में सफाई अभियान चलाकर आजादी के नायक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और गुदड़ी के लाल पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किया। वर्तमान कोरोना संकट के दौर में इसके प्रति लोगों को जागरूक करने और स्वच्छता हेतु प्रेरित करने में स्वयं सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने स्वयं सेवकों का अभिनंदन करते हुए सुरक्षित रहकर समाज सेवा, राष्ट्र सेवा का काम करते रहने का आह्वान किया है। हिमानी निषाद, टिकेश्वरी, त्रितमा, भारती, संजू, अनुसुइया, डिगेश्वर आदि ने स्वच्छता, पौधरोपण तथा कविता की पंक्तियों के माध्यम से बापू और शास्त्री के अविस्मरणीय योगदानों को याद किया

पांच हजार की कोरोना जांच निःशुल्क, ग्रामीण उठाएं कैम्प का लाभ - प्रज्ञा निर्वाणी

■ नवागांव और पेंड्री में आज कोविड 19 टेस्ट के लिए कैम्प 2 पॉजिटिव निकले

बेमेतरा/साजा। कोविड 19 के टेस्टिंग के लिए आज से जिला पंचयत सद्स्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने क्षेत्र में निःशुल्क एंटीजन टेस्ट के लिए कैम्प लगाया है, आश्रित ग्राम पेंड्री में किये गए 85 एंटीजन टेस्ट में 2 लोग कॅरोना पॉज़िटिव पाये गए, उन्हें तुरंत जिला मुख्यालय बेमेतरा 108 के माध्यम से कोविड सेंटर भेज गया और उनके घर को ऐतिहातन सील करने कहा गया।कोविड 19 जांच दल में डॉ दिलीप चन्द्रवंशी के साथ बलवंत बंजारे, खिलेंद्र साहू, नरोत्तन गायकवाड़, मनोज

राजपूत, गिवेश गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा की टीम आई हुई थी। पेंड्री सरपंच खेलावन ध्रुव, कांशी राम जनपद सदस्य, लाला भारती ने कोविड 19 का परीक्षण कराया। वहीं ग्राम पंचायत नवगांव के पंचायत बहवां में सरपंच नीलेश वैष्णव, उपसरपंच जित्तू रात्रे, रंजन वैष्णव, डॉ रामावतार सिन्हा, ओमकार गुप्ता, खेदुराम साहू, मितानिन सुकृति वैष्णव, मितानिन चंपा साहू, राम जी यदु, अलका वैष्णव, पल्लवी वैष्णव, रुचि वैष्णव, नीलू वैष्णव, पूर्व सरपंच विजय लक्ष्मी वैष्णव, मनोरमा वैष्णव, प्रतीक वैष्णव, प्रशांत वैष्णव सहित दोनों पंचायतों से कुल 112 लोगो ने एंटीजन टेस्ट कराया। इंटुक के पूर्व राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी कैम्प में अपना आर टी पी सी आर टेस्ट करवाया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

एलएसी पर तनाव...

अब तचक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समेत करीब 60 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

भारत ने टेस्ट किया...

एंटी-सबमरीन वारफेयर के दौरान भारत की सुरक्षा और मजबूत होने के साथ अभेद हो गई है. उन्होने मिशन को मिली कामयाबी के लिए डीआरडीओ और अन्य सभी सहयोगियों को कामयाबी की बधाई देते हुए उनकी हौसला अफ्जाई की. यह एक तरह की सुपरसोनिक ऐंटी-शिप मिसाइल है। इसके साथ एक कम वजन का टॉरपीडो लगा है जो पेलोड की तरह इस्तेमाल होता है। दोनों मिलकर इसे एक सुपरसोनिक ऐंटी-सबमरीन मिसाइल बना देते हैं। यानी इसमें मिसाइल के फीचर्स भी मिलेंगे और पनडुब्बी नष्ट करने की क्षमता भी। पूरी तरह डेवलप होने पर इस वेपन सिस्टम की रेंज 650 किलोमीटर होगी। इतनी ज्यादा रेंज वाले सिस्टम की मौजूदगी भारतीय नौसेना को दुनिया की सबसे खतरनाक नौसेनाओं की लिस्ट में और ऊपर पहुंचा देगी। एक्सपर्ट्स तो यहा तक कहते हैं कि यह तकनीक ऐंटी-सबमरीन वारफेयर का चेहरा बदलने की काबिलियत रखती है।

मंत्री अनिला भेड़िया...

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, राजेंद्र तिवारी सदस्य, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आरपी सिंह सदस्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्याज पर ब्याज...

के ऋण पर चक्रवृद्धि ब्याज को माफ करने का सरकार ने जिक्र तो किया है, लेकिन इससे संबंधित किसी भी नीतिगत फैसले को रिकॉर्ड में अभी नहीं लाया गया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने दो करोड़ रुपये तक के लोन पर 'ब्याज पर ब्याज' माफ करने को कहा था। इसका बोझ खुद केंद्र सरकार उठाएगी, जो अनुमानित तौर पर 5,000 से 7,000 करोड़ रुपये होगा। इससे पहले सुनवाई के दौरान सरकार से कहा गया कि वह रियल एस्टेट और बिजली उत्पादकों को भी इसके दायरे में लायें। न्यायमूर्ति भूषण ने सरकार से कहा कि फैसले के ऐलान के बाद केंद्र या आरबीआई की तरफ से 'कोई परिणामी आदेश या सकुर्लर' नहीं जारी किया गया। केंद्र सरकार ने गत शुक्रवार को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर करके बताया था कि वह छोटे कारोबार, शिक्षा, हाउसिंग और क्रेडिट कार्ड समेत कुछ ऋणों के लिए मोरेटोरियम की अविध के दौरान लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज को माफ करेगी।

दो साल में दागी...

जल्दी से जल्दी सुनिश्चित किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट में 2016 में बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय की ओर से अर्जी दाखिल कर कहा गया था कि जिन सांसदों और विधायकों के खिलाफ केस दर्ज है वो मामले लंबे समय से पेंडिंग हैं। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि नई रिपोर्ट के मुताबिक 4859 पूर्व व वर्तमान सांसदों और एमएलए के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। मार्च में ये संख्या 4442 की थी। वहीं दिसंबर 2018 की रिपोर्ट में कुल पेंडिंग केसों की संख्या 4122 थी। ऐसे में एमएलए और एमपी (मौजूदा और पूर्व) के खिलाफ पेंडिंग केसों में बढ़ोतरी हुई है। पिछले दो सालों में आपराधिक केसों की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में 2016 में बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय की ओर से अर्जी दाखिल कर कहा गया था कि जिन सांसदों और विधायकों के खिलाफ केस दर्ज है वो मामले लंबे समय से पेंडिंग हैं। ऐसे वर्तमान और पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज केस में जल्दी से जल्दी मामले का निपटारा किया जाना चाहिए।

पेंडिग केस के मामले में यूपी पहले नंबर पर

जहां तक राज्यों का सवाल है तो सबसे ज्यादा यूपी में 1374 केस पेंडिंग हैं। वहीं बिहार में 557 केस पेंडिंग बताए गए हैं। तीसरे नंबर पर उड़ीसा है जहां 445 केस पेंडिंग हैं। दिल्ली में 87 केस पेंडिंग हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में सेशल कोर्ट में 25 केस पेंडिंग है जबकि मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में 62 ऐसे केस पेंडिंग है। इनमें मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के केस भी शामिल हैं।

स्पेशल कोर्ट का गठन करके हो मामलों का निपटारा

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ हाई कोर्ट हर जिले में स्पेशल कोर्ट गठित करने पक्ष में है ताकि उन स्पेशल कोर्ट में दागी नेताओं के मामले का जल्दी से जल्दी निपटारा किया जाए। कुछ राज्यों में हाई कोर्ट ने जोन वाइज स्पेशल कोर्ट बनाए जाने की सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट में पेश रिपोर्ट में बताया गया है कि सभी हाई कोर्ट इस बात के फेवर में है कि गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए ।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दीपमाला देवांगन पिता/ पति गप्पू देवांगन निवासी विजयनगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 442/108 रकबा 0.005 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार जसबीर सिंह पिता अजायब भुवाल से दिनांक 31.08.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 25.09.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 151 दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी / आवेदक सुदामा तिवारी आत्म्ज / ध.प जग्जुमल तिवारी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन / बटाकन / स्थल जांच / बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न ...26/4 रकबा 0.213 हें का स्थल जांच / सीमांकन / बंटाकन / त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1:00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 07.08.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्री श्रवण कुमार लेखवानी आत्मज/ ध.प. गंगूमल लेखवानी के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन/ बटाकन/स्थल जांच/बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न. 26/2 रकबा 0.284 हें का स्थल जांच/ सीमांकन/ बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 19.10.2020 को 1.00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

सांसद विजय बघेल ने ली जिला भाजपा की बैठक, कृषि विधेयक को समझाया

बेमेतरा। शुक्रवार को दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जिला बेमेतरा में महात्मा गांधी को जयंती अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को बैठक ली। इस दौरान बेमेतरा जिले से प्रदेश में नवनियुक्त पदाधिकारियो का भी सम्मान किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रदेश मंत्री संध्या परगिनहा, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य राजेन्द्र शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व मंत्री डीडी बघेल, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना,पुर्व विधायक अवधेश चन्देल व प्रह्लाद रजक एवं भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान व नरेन्द्र वर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू एवं उपाध्यक्ष अजय तिवारी उपस्थित थे। बैठक में सांसद बघेल किसानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्दारा पारित कृषि विधीयक को किसानो के लाभ वह हित में होने की बात कहते हुए बताया कि 2014 से यह विषय सरकार में विचाराधीन था, कृषि विधीयक के तीनों कानुन किसानों व कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने वाला है। श्री बघेल ने कहा किसानों को कांग्रेस नेता भ्रमित करने में लगे हैं, सरकार मण्डी में खरिदी चालू रखेगी, केन्द्र सरकार ने 24 फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर दिया है। किसान चाहे मण्डी या बाहर कहीं भी ज्यादा दाम मिले वहां फसल बेच सकता है।नये कानून में फसल का भण्डारण भी कर सकता है। अभी भण्डारण किसान, व्यापारी नहीं कर सकते थे।देश में किस भी जगह किसी को भी फसल बेच सकते हैं। श्री बघेल ने कृषि विधीयक को पुरी तरह किसान को बंधनों से मुक्त करने वाला लाभ व हितों में बताया। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि कांग्रेस के न कोई मुद्दा है और न ही कोई नीति वह केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का विरोध करना चाहती हव। चाहे वह निर्णय जनहित के लिए किए गए हो। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने किया।

भाजपा शासित प्रदेश सरकारें बेटियों को न्याय दिलाने में विफल : गुरूदयाल बंजारे

नवागढ़ । हाथरस की पीड़ित को न्याय दिलाने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध किया गया। कार्यक्रम में छग शासन में स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे भी शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के अंत में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नवागढ़ एसडीएम जगन्नाथ वर्मा को सौंपा गया। संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे ने कहा कि हाथरस (उत्तरप्रदेश)की घटना ने मानवता को शर्मशार कर दिया है,जिस तरह से एक बेटी के साथ बर्बरता से अत्याचार किया गया और उससे भी ज्यादा बर्बरता उत्तरप्रदेश पुलिस ने दिखाई है जिससे यह साबित हो गया कि योगी आदित्यनाथ की सरकार पूरी तरह विफल रही है । केवल उत्तरप्रदेश सरकार ही नही बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिन प्रदेशो मे है वहा अनु. जाति/अनु. जनजाति एवं गरीब बेटियो पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि हो रही है।भारतीय जनता पार्टी बेटियो को न्याय दिलाने मे विफल रही है। कार्यक्रम को किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र तिवारी,प्रदेश सचिव विजय बघेल,जिला महामंत्री मोंटू तिवारी,नपं अध्यक्ष तिलक घोष,एल्डरमैन अमित जैन,रूपप्रकाश यादव,वीरेंद्र जायसवाल,पार्षद हेमंत सोनकर,जनपद सदस्य राजेन्द्र पाटले,रितेश तिवारी,सरपंच मनीष साहू,राजू साहू,युवा नेता प्रिंस डेहरे,सत्यम ताम्रकार,सुरेश महिलांग ने भी संबोधित किया।

सांसद विजय बघेल नवागढ़ में किसान चौपाल को करेंगे सम्बोधित

बेमेतरा। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर नवागढ़ विधानसभा स्तरीय सांसद किसान चौपाल कार्यक्रम तहत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मंगलवार को शाम 4 बजे बस स्टैंड नगर पंचायत

नवागढ़ में कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस के बीच पहुँचकर सभा को सम्बोधित करेंगे। जहाँ वे केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि विधेयक पर किसानों से चर्चा करेंगें। सांसद के साथ साथ ही इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश जोशी जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा, विकास धर दीवान जिला महामंत्री भाजपा बेमेतरा, दयालदास बघेल प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़,अजय तिवारी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा एवं भाजपा, फिरतुराम साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, टार्जन साहू, उपाध्यक्ष भाजपा, सुरेंद्र सिंह ठाकुर जिला मंत्री भाजपा, दयावंत धर बांधे प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, चंद्रकुमार बबलू राजपूत जिला मंत्री भाजयुमो भी उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, महामंत्री मिन्टू बिसेन एवं महामंत्री सुरेश साहू ने कहा कि सभी से आग्रह है कि उक्त कार्यक्रम में नवागढ़ विधानसभा भाजपा के सभी मण्डल पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र पदाधिकारी, बूथ पदाधिकारी, सभी मोर्चाओं के पदाधिकारी, जिला- जनपद एवं नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिगण सहित सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम कोविड 19 के दिशा निर्देशो के अनुसार किया जावेगा, कृपया मास्क लगाकर सोशल डिस्टेंस पालन करना सुनिश्चित कीजिये।

जुड़ा में घर-घर पहुंचकर कोरोना वायरस के लक्षण युक्त मरीजों ली जा रही जानकारी

लवन। छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व चिकित्सा विभाग द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार श्रृंखला को तोड़ने के लिये सामुदायिक स्तर पर लक्षण युक्त मरीजों की पहचान कर त्वरित लाभ दिया जायेगा। शासन ने सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कोविड 19 के तहत घर-घर पहुंचकर कोरोना वायरस के लक्षणात्मक जानकारी एवं अन्य 0 वर्ष से अधिक गर्भवती महिला, 5 वर्ष कम उम्र के बच्चे, उच्च रक्तचाप डायबटिज, कैंसर, किडनी रोग एवं एड्स जैसे रोगियों की पहचार हेतु 05 अक्टूबर से 12 अक्टुबर तक चलने वाले अभियान के प्रथम दिवस पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा मिरी, पुष्पा डहरिया, पवन घृतलहरे, पुष्पा बाई के द्वारा सभी केन्द्रो के घर-घर पहुंचकर जानकारी लिया जा रहा है।

खरीदी व अनुदान राशि में फर्जीवाड़ा, कृषि उपसंचालक निलंबित

■ **संसदीय सचिव की शिकायत पर हुई कार्रवाई, विस में भी उठा था मामला**

महासमुंद। आर्थिक अनियमितता बरतने के कारण महासमुंद कृषि विभाग में पदस्थ तत्कालीन उपसंचालक वीपी चौबे को अंततः निलंबित कर दिया गया है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। निलंबन अवधि में उपसंचालक श्री चौबे को संचालनालय कृषि में अटैच किया गया है।

यहां यह बताना लाजिमी होगा कि महासमुंद जिले में वर्ष 2016-17 से 25 जनवरी 2019 तक सी बीड एक्सट्रेक्ट, सी बीड जेल तथा एमिनो, ह्यूमिक एसिड की खरीदी तथा अनुदान राशि का स्वेच्छाचारिता पूर्ण फर्जीवाड़ा कर आर्थिक अनियमितता बरतने की शिकायत संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने की थी। इस मामले को उन्होंने विधानसभा में भी उठाया था। बाद इसके कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उप सचिव जेवियर केरकेट्टा ने तत्कालीन उपसंचालक श्री चौबे को छग सिविल सेवा नियम 1966 के उपनियम 09 दो के तहत निलंबित किया है। वर्तमान में उपसंचालक श्री चौबे बलौदाबाजार में पदस्थ हैं। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संचालनालय कृषि में निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि सी बीड एक्सट्रेक्ट, सी बीड जेल तथा एमिनो, ह्यूमिक एसिड कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अनुशंसित नहीं था। बावजूद इसके तत्कालीन उपसंचालक श्री चौबे ने कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद की अनुशंसा के आधार पर उक्त सामग्री को सूक्ष्म तत्व के अंतर्गत मानते हुए विभागीय योजनाओं के तहत किसानों को प्रदान करने के लिए क्रय करने आदेशित किया था।

हाथरस पीढ़िता मनीषा को न्याय दिलाने कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

■ **अपराधियों को सज़ा दिलाने माँग**

गंडई पंडरिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री पर बड़े बड़े सवाल खड़े हो रहे है जगह जगह उंगलियां उठ रही है, विरोध हो रहे है, और पीड़िता मनीषा बाल्मीकि को न्याय दिलाने को लेकर गंडई के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा गंडई के मेन चौक पर एकदिवसीय धरना किए। वहीं हड़ताल में बैठे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा योगी मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसी पदाधिकारीयो द्वारा थानाप्रभारी व तसीलदार को राष्ट्रपति के नाम सामूहिक रूप से ज्ञापन भी सौपा। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई गैंगरेप एवं हत्या की वीभत्स घटना कि आज पूरे देशभर में तीव्र भतर्सना हो रही है। पूरे देश में सभी लोग एक स्वर में आक्रोश व जगह-जगह प्रदर्शन के साथ न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

दिए ज्ञापन में लिखा था कि दलित समाज की बेटी स्वर्गी मनीषा वाल्मीकि का दिनांक 14 सितंबर को सामूहिक बलात्कार कर अपराधियों द्वारा उनकी जीभ काट दी गई ,रीड की हड्डी को तोड़कर गर्दन को मरोड़ा गया इस तरह उनके द्वारा जघन्य व क्रूरता अपराध किया गया जो उत्तर प्रदेश सरकार के संरक्षण में यह वारदात घटित हुआ है । यहां की सरकार ने प्रजातंत्र और देश के संविधान के विरुद्ध पीड़िता के शव को बिना परिजनों की उपस्थिति एवं सहमति के बगैर ही अंतिम संस्कार कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश पुलिस की बर्बरता एवं गुंडाराज को प्रमाणित करता है। हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार रात्रि काल में किसी भी मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया जाता किंतु सच का सामना ना करने वाला उत्तर प्रदेश की पुलिस ने यह कदम उठाकर धार्मिक संस्कारों को भी समाप्त करने का प्रयास किया है।

ज्ञापन में यह भी लिखा था कि पुलिस की बर्बरता इतनी बढ़ गई है कि मीडिया वाले को भी परिवार वालों से मिलने नहीं दिया गया वही उनके घर जाने वाले सभी रास्ते में पुलिस तैनाती कर दी गई ताकि कोई भी भेंट मुलाकात ना कर सके और सच्चाई को ना जान सके । हाथरस में कहा जा सकता है कि पूरे कानून व्यवस्था को को कोरोना हो गया है। एक तरफ प्रधानमंत्री के कहने पर मुख्यमंत्री योगी परिवार वाले को सहयोग करने का झूठा दिलासा दे रहे हैं ।तो वही वहां के डीएम (जिला दंडाधिकारी)परिवार वालों को अपना बयान बदलने की धमकी देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। हाथरस के जिला दंडाधिकारी पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को बर्खास्त करने की कार्यवाही की जावे।

जिला कांग्रेस कमेटी ने किया एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन

कवर्धा। सोमवार को समय 12:00 बजे से अंबेडकर चैक कबीरधाम में जिला कांग्रेस कमेटी एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन किया गया। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश में हाथरस के मनीषा वाल्मीकि को न्याय दिलाने उनके दोषी को फांसी की सजा व साथ ही उत्तर प्रदेश के योगी की सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन को आगे कर राहुल गांधी श् प्रियंका गांधी वाड्रा को उस पीड़ित परिवार से मिलने पर रोकने के लिए जो .त्य किया उनका हम निंदा करते हैं। जिसके संबंध में आज एक दिवसीय मौन सत्याग्रह आंदोलन प्रदर्शन किया गया, यह प्रदर्शन ए. आई. सी. सी. के आदेशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मोहन मरकाम,एवं कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मा .धनेश पाटिला के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री शिव कुमार डहरिया जी के सहमति से जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी,एवं अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष जोहन खांडे के नेतृत्व में किया गया इस प्रदर्शन में विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर जी ,जिलाध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी कांग्रेस कमेटी, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग जोहन खांडे , आदि उपस्थित रहे।

कृषि विभाग के खलील खान हुये सेवानिवृत्त

कवर्धा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय-अर्धशासकीय वाहनचालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ द्वारा .षि विभाग के वाहनचालक मों, खलील खान को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई कवर्धा- दिनांक 01.10.2020 को मोहम्मद खलील खान वाहनचालक .षि विभाग को उनके सेवानिवृत्त होने पर संघ के संरक्षक रविशंकर मिश्रा व उपाध्यक्ष फागुराम मेरावी द्वारा पुष्पहार से स्वागत एवं जिलाध्यक्ष अशोक पाली द्वारी मो, खलील खान को शाल एवं फल भेंट कर सम्मान के साथ संघ द्वारा विदाई दी गई । जिसमे वाहनचालक संघ के सलाहकार- सईद खान, कोषाध्यक्ष-शिवप्रसाद कोर्राम, मीडिया प्रभारी-पूणेन्द्र चैधरी, सचिव गजेंद्र यादव, कार्या. का .सदस्य- सतीश मानिकपुरी, संजय मरकाम, संजू यादव, मो.रफीक खान, मो.शिकन्दर ,दुर्गेश परिहार, कुबेर साहू, बहोरन मानिकपुरी, भुरुदास सहित सभी वाहनचालक भाई गण विदाई समारोह में उपस्थित रहे।

हाथरस में हुए बहन मनीषा बाल्मीकि को न्याय दिलाने एक दिवसीय किया धरना प्रदर्शन

आरंग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग के द्वारा आज 05 अक्टूबर हाथरस में हुए बहन मनीषा बाल्मीकि को न्याय दिलाने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं अनुसूचित जाति विभाग के संयुक्त तत्वधान में नगर मुख्यालय नेताजी चैक आरंग में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी वाली भाजपा सरकार को तत्काल भंग कर पीड़िता स्व. मनीषा बाल्मीकि को न्याय दिलाने हेत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया।

उक्त कार्यक्रम में महिला कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी शकुन शिवकुमार डहरिया जी ने उक्त हाथरस की दुष्कर्म की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा रात के अंधेरे में एक बेटी के शव को पेट्रोल डालकर जलवाना बहुत ही निंदनीय कार्य है। कांग्रेस पार्टी इनकी घोर निंदा करती है एवं पीड़ित पक्ष को त्वरीत न्याय दिलाने की मांग करती है। उक्त धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राजेन्द्र साहू, महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर, उधो राम वर्मा, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण, रेखराम पात्रे सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजा विभाग रायपुर, सुनील बांधे, महामंत्री, अजा विभाग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, उत्तम टण्डन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस अजा विभाग आरंग, जिला पंचायत सदस्य माखन कुर्रे, केशरी मोहन साहू, अनिता थानसिह साहू, उपाध्यक्ष नरसिंग साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुर कादिर, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष, गौरव चन्द्राकर, देवनाथ साहू, किसान कांग्रेस, डुगेश साहू, जोन अध्यक्ष दीपक चन्द्राकर, हरी बंजारे, भगवती धुरंधर, रामचंद वर्मा, शिव साहू, घसिया साहू, छन्नू यादव, अरविन्द गुप्ता, राजेश धुरंधर, सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नेताप्रतिपक्ष से नपा अध्यक्ष ने की भेंट

महासमुंद। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक से उनके निवास में नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं भाजपा नेताओं ने मुलाकात की. इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने क्षेत्र के विकास सहित वैश्विक महामारी के कारण जिले में बढ़ते संक्रमण को रोकने कारगर उपाय संबंधित चर्चा की. श्री कौशिक ने पालिका अध्यक्ष से राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा कर शहरी विकास की जानकारी ली. इस अवसर पर सभापति संदीप घोष,भाजपा नेता द्वय संतोष वर्मा,गोलू मदनकार उपस्थित थे.

नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने भलेसर रोड पर स्थित मुक्तिधाम का किया निरीक्षण

महासमुंद। भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम का किया जा रहा सौदर्यीकरण. बैठक, पेयजल व्यवस्था और पेवर ब्लॉक बिछाए जाएंगे. नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने इसके लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी है. मुक्ति धाम में दाह संस्कार के लिए आने वाले नागरिकों को बैठने, नहाने के बाथरूम और साफ पेयजल व्यवस्था मुहैया कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने आज भलेसर रोड पर स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया. मुक्ति धाम में वाटर कूलर मशीन, 10 थ्री सीटर चैयर, 10 नल कनेक्शन और पेवर ब्लॉक बिछाए जाएंगे. यहीं नहीं मुक्तिधाम के वाउंड्री वॉल के अंदर 2म3 साईज के हरे घांस के लिए रैंप भी बनाए जाएंगे. पालिका अध्यक्ष ने इसके लिए मुरूम फिलिंग करने के निर्देश दिए हैं. मुक्ति धाम के दीवारों पर पेंटिंग से कलाकृति (आर्ट) बनाए जाएंगे. जिसके लिए पालिका अध्यक्ष ने 15 लाख की स्वीकृति दे दी है. पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वाटर कूलर मशीन लगने से सिर्फ मुक्ति धाम आने वाले लोगों को ही नहीं दूर दराज से महासमुंद आने वाले लोगों को भी पेयजल उपलब्ध होगी. इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने मुक्ति धाम के बाहर बोर से पानी भरने आने वाले टैंकरों को व्यवस्थित स्थल पर खड़ी की जा सके इसके लिए पालिका अध्यक्ष ने कांक्रीटीकरण करने के निर्देश दिए हैं. जिससे कि मुक्ति धाम के सामने कीचड़ और गंदगी न हो. इस अवसर पर सभापति देवीचंद राठी, संदीप घोष, गोलू मदनकार, जल प्रभारी विजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

सर्वे में टीम करेगी कोरोना के लक्षणयुक्त व गम्भीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की पहचान

कवर्धा-(नवप्रदेश)। कोरोना के संक्रमण को रोकने व इसके गम्भीर परिणामों से बचाव करने के उद्देश्य से राज्य भर के सभी जिलों में 5 से 11 अक्टूबर तक कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान चलाया जाएगा। कबीरधाम में इसके लिए 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से जिला पंचायत सी ई ओ विजय दयाराम के मार्गदर्शन में सर्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों-कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके पश्चात 5 से 11 अक्टूबर सर्वे किया जाएगा व 6 से 12 अक्टूबर तक सर्वे लिस्ट के अनुरूप समस्त लोगों का कोरोना जांच किया जाएगा। श्री दयाराम ने स्पष्ट किया कि कोरोना जांच के लिए जनता को अधिक भटकना न पड़े या कोई परेशानी न हो इसके लिए नजदीकी पीएचसी, सीएचसी में जांच की तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस सम्बन्ध में श्री दयाराम ने बताया कि शासन-प्रशासन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कोरोना के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान व इनकी कोरोना जांच कर सही समय पर उपचार करने के लिए यह व्यवस्थाएं कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना जांच में पॉजिटिव पाए गए लोगों की स्थिति व शासन के गाइडलाइन के अनुरूप मरीज को तत्काल चिन्हांकित अस्पताल, आइसोलेशन केयर सेंटर अथवा होम आईसोलेशन की त्वरित सेवा एवं उपचार व देखभाल मुहैया कराया जाएगा। इससे लक्षण युक्त व पूर्व में गम्भीर बीमारी से ग्रसित कोरोना मरीजों की जानें बचाने में मदद मिलेगी।

कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान प्रारंभ, घर-घर किया जा रहा है सर्वे

गरियाबंद। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना के प्रारंभिक लक्षण और उच्च जोखिम वाले मरीजों की पहचान कर उनका उपचार करने के लिए कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। सर्वे अभियान की शुरूवात आज 05 अक्टूबर को हो गई है। जिले के सभी ब्लॉक और नगरीय निकायों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वे किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इससे संबंधित प्रथम चरण का प्रशिक्षण भी पूर्ण किया जा चुका है।

कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने जिलेवासियों से चाही गई जानकारी प्रदान करने अपील किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के लक्षण और उच्च जोखिम पाये जाने पर सही जानकारी अवश्य देवें। इससे जिले में कोरोना की पहचान और उसके उपचार में मदद मिलेगी। कोरोना संक्रमण के चेन को भी तोड़ा जा सकता है। आज गरियाबंद ,फिंगेश्वर, छुरा, मैनपुर और देवभोग विकासखंड में सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसी तरह नगरीय निकायों गरियाबंद ,राजिम, फिंगेश्वर,छुरा में घर-घर सर्वे प्रारंभ हो गया है। छुरा विकासखंड अंतर्गत आज 5 हजार 534 घर,गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत 4 हजार 261 घर, मैनपुर विकासखंड में 5 हजार 788 घरों का सर्वे किया गया है।

ज्ञात है कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण कर ''कोरोना सघन सामुदायिक अभियान'' 05 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2020 तक कोविड-19 के प्रारंभिक लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 संक्रमण के प्रसार श्रृंखला को तोड़ने हेतु समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान कर उनका त्वरित उपचार किया जाना है। निम्न लक्षण वाले व्यक्तियों को लक्षणात्मक/संदिग्ध मरीज जैसे - बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, शरीर में दर्द, स्वाद या सुंघने की क्षमता में कमी, गले में खरास, बंद या बहती नांक, उल्टी या दस्त आना, लक्षण वाले मरीजों का नाम एवं विवरण दर्ज किया जायेगा।

भारतीय पर्यटन मानचित्र पर होगा 'भोरमदेव अभ्यारण्य' रेखाँकित

■ भोरमदेव की तितली को राष्ट्रीय तितली तक पहुंचाने अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गृहणी, स्कूली बच्चे और मीडिया के साथी कर रहे ऑनलॉईन वोटिंग

■ राष्ट्रीय तितली के चयन में इस लिंक के माध्यम से ऑनलाइन वोट दें

कवर्धा (नवप्रदेश)। राष्ट्रीय तितली के चयन करने के लिए कबीरधाम जिला ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में ऑनलाइन वोटिंग की जा रही है। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया, फेसबुक, वॉटशॉप,ट्यूटर का जमकर इस्तेमाल किए जा रहे है। जिले के जप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी और गृहणी से लेकर स्कूली बच्चे, युवा और जिले के मीडिया के प्रतिनिधि भी छत्तीसगढ़ के कबीरधाम की तितली को राष्ट्रीय तितली बनाने की इस मुहिम में शामिल हो गए है।

राष्ट्रीय तितली के चयन में तितली के सात प्रकार की प्रजाति शामिल है। छत्तीसगढ़ और कबीरधाम जिले के गौरव की बात यह भी है कि इस सात प्रकार की तितलियों में भोरमदेव अभ्यारण से तीन तितलियां इस प्रतियोगिता में शामिल हैं। वनमंडलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने बताया कि इन तीन तितलियों में कॉमन जेजबेल, ऑरेंज ऑक लीफ और कॉमन नवाब छत्तीसगढ़ की कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण में पर्याप्त संख्या में मौजूद है। आप भी अपने मोबाईल से लिंक कर ऑनलाइन वोटिंग कर छत्तीसगढ़ के भोरमदेव अभ्यारण को पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर पहुंचाने की एक साझा प्रयास में शामिल हो सकते है। ऑनलाईन वोटिंग करने की अंतिम तिथी 8 अक्टूबर है।

कबीरधाम कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि यह कबीरधाम जिले ही नहीं अपूति पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय तितली के चयन में कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण में पाई जाने वाली तितलियों की तीन प्रजाति इसमें शामिल है। ऑनलाइन वोटिंग जरूर करना चाहिए। कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने ऑनलाइन वोटिंग करते हुए जिले के सभी नागरिको से कबीरधाम की तितली को राष्ट्रीय तितली बनाने ऑनलाइन वोट देने के लिए आग्रह किया है। इस ऑनलाइन वोटिंग में भारतीय सिविल लेखा सेवा की अधिकारी श्रीमती विमला नवारिया, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के, श्रीमती सुप्रीता विजय, एसडीएम विपुल गुप्ता, पंडरिया एसडीएम प्रकाश टंडन, भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, जनसंपर्क के प्रभारी अधिकारी गुलाब डड़सेना, उद्यानिकीय अधिकारी आरएन पांडेय,सहायक जिला कोषालय अधिकारी मिर्जा इश्तियाक अहमद बेग, जिला, खेल अधिकारी श्रीमती आरती पांडेय,डीपीएम श्रीमती निलू घृतलहरे, गृहणी श्रीमती खिलेश्वरी डड़सेना, वित्त लेखाअधिकारी संजय चैधरी, सहित शहर के सभी लोग शामिल होकर ऑनलाइन वोटिंग कर रहे है।

■ न्यूज गैलरी

सट्टा लिखते पकड़ाया, नगदी व मोबाइल जब्त

महासमुंद। राजासेवैया अंजलि विद्यालय के पीछे पिथौरा पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखते एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा । युवक से नगदी 3,150 रुपए, दो नग वीवो कम्पनी का मोबाइल कीमती करीब 10 हजार रुपए बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर राजासेवैया अंजली विद्यालय के पीछे निवासी उत्तम वासुदेव पिता स्व. आनंद वासुदेव उम्र 32 वर्ष को रूपये पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

जमीन बंटवारे पर मारपीट की शिकायत

महासमुंद। जमीन बंटवारे की बात पर बसना में परिवार के बीच मारपीट हो गई। जानकारी के ग्राम भंवरपुर निवासी रतनदास मानिकपुरी ने सोहन, समारु दास मानिकपुरी के खिलाफ जमीन बंटवारे की बात को लेकर बीते 2 अक्टूबर को ग्राम कुम्हरिया में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायत पर बसना पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब बेचते दो पकड़ाए

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम मुड़ागांव में दो जगह से शराब की अवैध बिक्री करते हुए दो लोगों को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक मुड़ागावं निवासी हेमसिंग टंडन स्कूल के पास अवैध बिक्री करते हुए मिला। उससे साढ़े तीन लीटर ओड़िशा निर्मित जेब्रा छाप शराब कीमत 1260 रुपए जब्त की। इसी तरह डिपापारा में तेजराम विश्वकर्मा को अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा जिससे ढाई लीटर जेब्रा छाप शराब कीमत 480 रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

नशे में युवक ने अधेड़ को पीटा

महासमुंद। नयापारा में नशे में एक युवक ने अधेड़ की डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक वार्ड 24 निवासी राजू गिरी (57) ने बताया है कि पड़ोस में रहने वाले संतोष सतनामी ने नशे में उसकी डंडे से पिटाई की और अश्लील गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

पटेवा : 7 लीटर देशी महुआ शराब जप्त

पिथौरा। पटेवा पुलिस को मुखबीर के सूचना पर ग्राम जोरातराई कमार डेरा आंगनबाडी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब जप्त किया गया है. पुलिस ने बताया कि मुखबिर के बताये गये स्थान ग्राम जोरातराई कमारडेरा आंगनबाडी के पास एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया. आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक जरिकेन मे भरी 3 लीटर देशी महुआ शराब किमती 600 रूपये रखा मिला. जिसे जप्त कर बतर सिंह कमार पिता लक्की कमार उम्र 60 वर्ष साकिन जोरातराई थाना पटेवा का जिला महासमुंद का रहने वाला बताया. इसी तरह पुलिस ने ग्राम सिंघनुपर बडेभांठाखार पाल्ट्री फार्म के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब जप्त किया है. आरोपी के पास से एक प्लास्टिक जरिकेन मे भरी 4 लीटर देशी महुआ शराब किमती 800 रूपये रखा मिला. जिसे जप्त कर आरोपी लेखराम साहू पिता दुजराम साहू साकिन सिंघनुपर थाना पटेवा जिला महासमुंद का होना बताया।

गरियाबंदः पेंगोलिन तस्करी करते अंतरराज्जीय तस्कर गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अंतरराज्जीय पेंगोलिन तस्करों को गिरफ्तार किया है, गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर छुरा पुलिस की स्पेशल टीम ने ओडिशा सीमा से लगे छुरा क्षेत्र के कोठीगाव से पेंगोलिन की तस्करी करते 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, ये पेंगोलिन दुर्लभ प्रजाति का है, जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये बताई जा रही है।

बता दें कि गरियाबंद क्षेत्र और उड़ीसा सीमा से लगे इलाके में पेंगोलिन पाया जाता है, इससे पहले भी पेंगोलिन की तस्करी मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है, आज एक बार फिर पुलिस की मुस्तैदी के चलते छुरा पुलिस की स्पेशल टीम ने उड़ीसा के 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमे संतोष पिता गौर सिंग भुजिया उम्र 36 साल, नंद कुमार पिता भरत भुजिया उम्र 25 साल, भोज सिंग पिता उड़ान सिंग उम्र 26 साल निवासी उड़ीसा जिला नुवापाड़ा ग्राम जामपानी धर्मबाँधा के रहने वाले है, जिन्हें उड़ीसा सीमा से लगे कोठीगाव से गिरफ्तार किया गया है, पेंगोलिन का वजन 8 किलोग्राम बताया जा रहा है, साथ ही इसकी कीमत 3 लाख के करीब बताया जा रहा है, बहरहाल गिरफ्तारी के बाद तस्करों से लगातार पूछताछ जारी है। उक्त कार्यवाही में छुरा थाना प्रभारी राजेश जगत, सुऊनि श्रवण विश्वकर्मा, आरक्षक दयानंद गौर, हरिहर साहू, नरेंद्र साहू, रेखराम ध्रुव, शिवदयाल नागेश, सैनिक मन्नू, अशोक कश्यप की सराहनीय भूमिका रही।

पहले समर्थन और अब विरोध में जुटी कांग्रेस किसानों के विकास को प्रभावित करने पर आमादा : चुन्नीलाल

पीएम मोदी का जोर कृषि क्षेत्र को समृद्ध और किसानों को सशक्त बनाना

गरियाबंद। केंद्र की भाजपा सरकार अपने पहले ही कार्यकाल से किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रही है। किसानों को लुभाने वाली घोषणाओं के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोर कृषि क्षेत्र को समृद्ध और किसानों को सशक्त बनाने पर रहा है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर चल रही है और इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। उक्त बातें महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने गरियाबंद प्रवास के दौरान पत्रकारवार्ता में कही है। उन्होंने कृषि संशोधन बिल 2020 को अफसर राज खत्म करने की दिशा में केंद्र का महत्वपूर्ण कदम बताया है।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से पहले इन विधेयकों का समर्थन किया जा रहा था, लेकिन अब इस पर राजनीति की जा रही है। कहा कि कांग्रेस का केवल एक काम ही बच गया है और वह है झूठ बोलना।

सांसद श्री साहू ने कहा कि किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए संसद के समक्ष तीन बिल (विधेयक) लाए गए। इन विधेयकों को कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए लाया गया है। इसमें आवश्यक वस्तु (संसोधन) विधेयक, किसान व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश और किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) समझौते पर मूल्य निर्धारण अध्यादेश शामिल है। कहा कि कृषि अध्यादेशों से किसानों को बहुत फायदा मिलेगा, ये तीनों अध्यादेश बहुत दूर-दृष्टि वाले हैं।

सांसद चुन्नीलाल साहू ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस कृषि संशोधन बिल विरोध कर किसानों के विकास को प्रभावित कर रही है। आज कांग्रेस पार्टी इन बिलों का विरोध कर रही है। ये कांग्रेस पार्टी का दोहरा चेहरा है, इनका काम हर जनकल्याणकारी योजनाओं में राजनीति करना है। विधेयक के विरोध में कांग्रेस के प्रदर्शन और बयान पर पलटवार करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस किसान हितैषी है तो छत्तीसगढ़ में इसी खरीफ सीजन से 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मापदंड से 2500 रुपए में धान की खरीदी करें। केंद्र की सरकार छत्तीसगढ़ से 60 लाख मिट्रिक टन चावल खरीदेगी।

सांसद श्री साहू ने एमएसपी पर कांग्रेस के बयान को झूठा बताते हुए कहा कि सदन में केंद्रीय कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया है कि एमएसपी पर पहले की तरह खरीदी जारी है और रहेगी। किसान अपनी इच्छा अनुसार कहीं भी बेरोक-टोक अपनी उपज बेचकर दाम ले सकेंगे। उनसे कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा। परिवहन व्यय भी नहीं लगेगा। किसान दलालों से मुक्त होकर सीधे खरीददार से जुड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस यह झूठ बोलकर किसानों में भ्रम का वातावरण तैयार कर रही है कि किसान अपनी उपज मंडी समिति के बाहर बेचेगा तो मंडी समाप्त हो जाएगी।

मुख्य डाकघर में फॉर्म जमा करने उमड़ी भीड़

■ कोरोना नियमों का पालन, दो गज दूरी भी नहीं

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। शहर के मुख्य डाकघर में बीएससी, बीए का फॉर्म जमा करने के लिए सोमवार सुबह से ही लोगों की भारी संख्या में भीड़ यहाँ लग गई। इस दौरान लोग शारीरिक दूरी का पालन करना भी भूल गए। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह मुख्य डाकघर जहाँ खचाखच भीड़ लगी हुई है जिसकी जानकारी भी पुलिस तक नहीं पहुँच पाई है।

तहसील कार्यालय के सामने स्थित मुख्य डाकघर के बाहर लोग सोमवार सुबह कॉलेज का प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए एकत्रित हुए। जहां शारीरिक दूरी का धड़ल्ले से उल्लंघन होता दिखाई दिया। इस दौरान कई लोग बिना मास्क पहने भी नजर आए। जिससे कोरोना संक्रमण के फैलने का खतरा बना रहा। डाकघर द्वारा बहु लोगों को कतार में लगवाने की कोशिश नही की और ना ही उन्हें शारीरिक दूरी का पालन करने चेतावनी दी। साथ ही कुछ लोग बिना मास्क भी नजर आए।

दरअसल कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शारीरिक दूरी का पालन करना और मास्क पहनना अनिवार्य है। किंतु कुछ दिन पूर्व ही इस मुख्य डाकघर में 4 कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए थे जिसके बाद यहाँ कार्यालय अधीक्षक द्वारा छ्स्वाह को पत्र लिख अपने 84 कर्मचारियों का टेस्ट करवाया गया था जिनमे करीब 3 से 4 कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए ।

जिसके बाद जिला प्रशासन ने मुख्य डाकघर को दिशा निर्देश जारी कर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने,मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग करते हुए सावधानी बरतते हुए कार्य करने को कहा था।

पंजीयन में हो रही समस्याओं को लेकर ऑपरेटर संघ ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

लवन। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में पंजीयन में हो रही समस्याओं को लेकर लवन शाखा अन्तर्गत कम्प्यूटर आपरेटरों ने किसानों की हित को ध्यान में रखते हुए सोमवार 05 अक्टूबर नायब तहसीलदार प्रियंका बंजारा व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लवन शाखा प्रबंधक आर.के. नवरंग को ज्ञापन सौंपा गया।

ऑपरेटर भीम पटेल, पवन वर्मा, भागीरथी वर्मा, मुलचंद बांधे, मोहन डहरिया, रमेश पटेल, उत्तम कैवर्त्य, नीलेश रजक, मेष साहू, भुनेश्वरी, सुरेश वर्मा, बिन्देश्वरी के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ऑनलाईन भू-पोर्टल एवं पूर्व वर्ष धान की रकबा व गिरदावरी में प्रदर्शित रकबा में अत्यधिक अंतर है, जिसके कारण धान के रकबा में अंतर आयेगा। वही अधिकतर समितियों में पटवारी द्वारा सौंपे गए प्रारूप 01 की हस्ताक्षर सूची नहीं मिल पाई है, जबकि उक्त सूची को समिति द्वारा 20 अगस्त को ही सौंप दिया गया था। अधिकांश पटवारी के द्वारा आज तक आनलाईन भू पोर्टल पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों का पूर्ण रूप से आनलाईन नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से पंजीयन में समस्याएं हो रही है।

कवर्धा : 92 बैंक सखी ने मात्र छः माह में बांटे 8.56 करोड़ रुपए

शासन की योजनाओं की घर-घर पहुंचा रहीं समूह की महिलाएं

कवर्धा-(नवप्रदेश)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत कबीरधाम जिले में कार्यरत 92 बैंक सखियों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के माह अप्रेल से अब तक 8 करोड़ 56 लाख 17 हजार 9 सौ पचपन रूपये कि राशि का वितरण विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियो को उनके घर पहुंच सेवा के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। बैक सखी के द्वारा योजना प्रारंभ से अब-तक 68,138 लेन देन करते हुए जिले के ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गयी है।

उल्लेखनीय है कि वैश्विक महामारी कोरोना के रोकथाम हेतु लगाये गये लॉकडाउन के दौरान भी जब जिले के सभी आर्थिक एवं व्यवसायिक गतिविधियां पूर्णतः बंद थी उस दौरान बैंक सखी के द्वारा घर पहुंच सेवा के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का मजदूरी भुगतान के साथ शासन कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ ग्रामीणों को दिया गया। जिसमें विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना एवं निराश्रित पेंशन योजना के हितग्राहियों को उनके घर पहुंच कर हितग्राहियों के खाते से आधार बेस्ड पेयमेंट के माध्यम से बायोमेट्रिक के द्वारा हितग्राहियों के बिना बैंक जाये घर में ही राशि प्रदान की गई।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के द्वारा मार्च 2020 में आदर्श गौठान बिरकोना के कार्यक्रम में बैंक सखी योजना कि शुरूआत की गई थी। मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने 92 बैंक सखी को उनके कार्य हेतु प्रमाण पत्र देते हुए जिले में योजना की शुरुआत किया गया था। बैंक सखी द्वारा कोरोना हेतु लगे लॉकडाउन के दौरान माह अप्रेल में 14530 लेनदेन करते हुए 1,64,07,609 कि राशि हितग्राहियों को प्रदान की गई। इसी तरह माह मई में 15357 लेनदेन करते हुए 17,97,0376 रूपये का वितरण किया गया है। माह जून में 18752 लेनदेन करते हुए 2,70,81,885 रुपये का वितरण जिले के विभिन्न ग्रामीणों को किया गया है। इसी तरह माह जुलाई में 8477 लेनदेन करते हुए 1,21,42,053 रूपये वितरण का लाभ ग्रामीणों को मिला। माह अगस्त में 5479 लेनदेन के माध्यम से बैंक सखीयों द्वारा 38,17,500 रूपये का वितरण ग्रामीणों को किया गया एवं माह सितंबर में 5563 लेनदेन कर 81,98,532 रूपये का वितरण ग्रामीणों को उनके खाते के माध्यम से राशि उनके घरो में प्रदाय किया गया।

ग्रामीणों को घर पहुंच सेवा का लाभ और ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का साधन है बैंक सखी-सीईओ जिला पंचायत

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री विजय दयाराम के. ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जनपद पंचायत कवर्धा में 20, जनपद पंचायत बोड़ला में 24, जनपद पंचायत पंडरिया में 29 एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में 19 सहित कुल 92 बैंक सखी अपनी सेवाएं जिले के ग्रामीण अंचलो में दे रहीं है। बैंक सखी के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना, सभी समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, गोधन न्याय योजना के हितग्रहियों का भुगतान उनके खाते से बिना बैंक जाए अथवा बिना एटीएम उपयोग किये आधार बेस्ट पेमेन्ट के माध्यम से बायामेट्रीक के द्वारा किया जा रहा है। श्री विजय दयाराम के. ने आगे बताया कि बैंक सखी के सेवाओं कि मुख्य विशेषता है कि मनरेगा एवं अन्य योजना के लाभार्थियों को अपने गांव से दूर बैंक आए बगैर अपने कार्यक्षेत्र में खाते से राशि प्राप्त हो रहा है। बैंक सखी को इस कार्य के लिए संबंधित बैंक के द्वारा बैंक सखी को उसके द्वारा किए गए पूरे लेन-देन का आधा प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है । जो की उनके आजीविका का साधन होने के साथ प्रयत्क्ष रोजगार का सुअवसर ग्रामीण महिलाओं को मिला है।

ठेठवार यादव समाज ने एक जोड़े का कराया आदर्श विवाह

लवन। गत दिवस 04 अक्टूबर को दुर्गा मंदिर छोटे गौठान चिचिरदा में यादव समाज ने एक जोड़े का आदर्श विवाह कराया। इसमें समाज की महिला पुरुषों ने परंपरागत रूप से इस वैवाहिक आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। साथ ही वर वधु को आशीष उपहार देकर विदा किया। इसमें समाज प्रमुखों ने शामिल होकर जिम्मेदारी संभाली। यह विवाह छबि यादव पिता स्व गुहा यादव ग्राम बरतोरी, जिला बिलासपुर का आदर्श विवाह सरिता यादव पिता तिरिथ यादव ग्राम चिचिरदा,

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ संपन्न हुआ । श्रीमति सुलोचना यादव पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार के प्रयास से यह आदर्श विवाह लवन अंचल में पहली बार ठेठवार यादव समाज का विवाह समपन्न हुआ। उक्त मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव ने कहा कि इससे समाज को एक नई दिशा मिली है। विवाह में लागतार बढ़ते खर्च को देखते हुए आदर्श विवाह को प्रोत्साहित की जानी चाहिए। श्रीमती यादव का कहना है कि आदर्श विवाह से अनावश्यक खर्च बचेगा और उन राशि का उपयोग अपने आर्थिक स्थिति को और अधिक मजबूत करने में कर सकते है। इस मौके पर ठेठवार यादव समाज के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

सिरीयस मरीजों का उत्कृष्ट ईलाज (उचित दरों में), सर्वसुविधायुक्त आईसीयू आधुनिक ऑपरेशन थियेटर सभी प्रकार की जांच सुविधा

बांठिया हॉस्पिटल

कोविड मरीजों के ईलाज के लिए अलग व्यवस्था

100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

राजा तालाब रोड, रायपुर, फोन : 0771-2425009, 2424737